

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 135

ग्वालियर, बुधवार, 2 फरवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## मेरठ में अखिलेश पर बरसे योगी, कहा- हमने विकास के लिए किसी का चेहरा, मत और मजहब नहीं देखा

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। पहले चरण के लिए 10 फरवरी को वोटिंग होगी। भाजपा को दोबारा सत्ता में लाने के मकसद से यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी ताबड़तोड़ चुनावी कार्यक्रम कर रहे हैं। यूपी चुनाव में प्रचार के लिए मंगलवार को मेरठ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसा और कहा कि लाल टोपी सुरक्षा के लिए खतरा है। बगैर अखिलेश यादव का नाम लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इनकी लाल टोपी ही सुरक्षा के लिए खतरा है। इस लाल टोपी का मतलब दंगा, राहजनी और किसानों की ट्यूबवेल मोटर चोरी हो जाना है। मेरठ के सिवालखास में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग भयभीत हो गए। उन्होंने प्रत्याशी बदल दिए। मुजफ्फरनगर दंगों के प्रत्याशी बनाकर उन्होंने मंशा बता दी। आज मेरा मेरठ में दौरा नहीं था, लेकिन मैं अलग कार्यक्रम तयकर यहां सिवालखास आया हूं। लोकसभा में मैं यहां आया था। 2017 के पहले क्या स्थिति थी, हर तीसरे दिन दंगा होता था, नौजवानों पर झूठे मुकदमे लादे जाते थे, किसान आत्महत्या करने को मजबूर था, बेटियों की सुरक्षा नहीं थी। 2017 में हमने आने के बाद पहला फैसला किसानों के कर्जमाफी का लिया। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के 2 करोड़ 54 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि देने का कार्य हो रहा है। हमने सरकार में आने के बाद अवैध बूचड़खाने को बंद करने का काम किया, बेटियों की सुरक्षा के लिए हमने छूट दी थी कि बेटियों की सुरक्षा के लिए बने खतरे को गले में तख्ती डालकर थाने घुमाया जाय। तब दो लड़के निकले थे गठबंधन करने। सचिन गौरव जैसे युवाओं को मारने वाले दंगाईयों को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाता था। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण ये नहीं कि कौन विधायक बने। महत्वपूर्ण ये है कि समाज की सुरक्षा कौन सरकार दे सकती है। इनकी लाल टोपी ही सुरक्षा के लिए खतरा है। इस लाल टोपी का मतलब दंगा, राहजनी, किसानों की ट्यूबवेल मोटर चोरी हो जाना। आज वो लाल पोटली लेकर संकल्प ले रहे हैं। संकल्प लेना था तो तब लेते जब सचिन गौरव को जान न देना पड़ता। भाजपा ने जो कहा वो करके दिखाया। महिलाओं, नौजवानों किसानों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर बनाकर दिखाया। आज मेरठ में रैपिड रेल देने जा रहे हैं। 40 मिनट में दिल्ली पहुंच जाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले विकास का पैसा, गरीबों का पैसा इत्र वाले मित्र के पास चला जाता था। जब हम लोगों को मां लक्ष्मी का आदेश हुआ तो हमने बुलडोज़र खड़ी कर दी और दीवारों से नोटों की गड्डियां निकलीं। हमने विकास के लिए किसी का चेहरा, मत और मजहब नहीं देखा। आवास, शौचालय, राशन, बिजली सबको दी।

## नई दिल्लीसरकार ने दिया भारी धोखा बजट पर बोले किसान नेता राकेश टिकैत

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को साल 2022-23 का आम बजट पेश किया। कोरोना काल में दूसरी बार और लगातार चौथी बार निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट पेश किया है। इस



बजट को लेकर जहां सत्ता पक्ष अपनी पीठ थपथपा रहा है, वहीं विपक्षी का कहना है कि इस बजट में आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं। इन दोनों पक्षों से से इतर किसान नेता राकेश टिकैत की भी बजट पर प्रतिक्रिया सामने आई है। भारतीय किसान यूनियन के नेता और किसान आंदोलन में लगातार एक्टिव रहे राकेश टिकैत ने बजट को लेकर कहा, ÷बजट का कुछ न कुछ फायदा होता है, लेकिन जितना दिखाया जाता है उतना फायदा नहीं होता। दिखाते ज़्यादा हैं और मिलता कम है। हमने कहा न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून बना दें। इस कानून से कम कीमत में फसलों की खरीद बंद होगी। उन्होंने कहा, अभी व्यापारियों को इसका फायदा हो रहा है जो कम कीमत में फसलों को खरीदकर एमएसपी में महंगी कीमत में बेचते हैं। पीएम मोदी ने कहा, इस बजट का एक महत्वपूर्ण पहलू है, गरीब का कल्याण। हर गरीब के पास पक्का घर हो, नल से जल आता हो, उसके पास शौचालय हो, गैस की सुविधा हो, इन सभी पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## पुलिस ने अवैध हथियारों के सिंडिकेट का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अंतरराज्यीय अवैध हथियारों के सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने 10 पिस्टल और 20 कारतूस बरामद किए हैं। स्पेशल सेल के डीसीपी जसमीत सिंह के मुताबिक, सेंधवा, खरगोन, धार और बुरहानपुर (एमपी) से हथियार खरीदने और दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करने में शामिल तस्करों के खिलाफ स्पेशल सेल द्वारा लागातार अभियान चलाया जा रहा है। 29 जनवरी को एक सूचना मिली कि कासिम नाम का एक कुख्यात हथियार तस्कर पुल प्रह्लाद पुर इलाके में एमबी रोड पर आने वाला है और यहां वो किसी को हथियारों की खेप देगा। इसी सूचना पर जाल बिछाकर कासिम को पकड़ लिया गया,उसके बैग से 10 पिस्टल और 20 कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी कासिम ने खुलासा किया कि उसे मध्य प्रदेश में जिला बड़वानी के कुख्यात हथियार तस्कर और हथियार बनाने वाले से ये खेप मिली थी। कासिम पिछले 15 वर्षों से दिल्ली एनसीआर, हरियाणा और यूपी पश्चिम में अवैध हथियारों और कारतूस की सप्लाई कर रहा है। शुरू में उसने लगभग पांच सालों तक यूपी के एक हथियार तस्कर के लिए करियर के रूप में काम किया था लेकिन बाद में उन्होंने हथियारों की तस्करी का अपना नेटवर्क बनाया। उसे मध्य प्रदेश से कम कीमत में एक पिस्तौल मिलती थी और वह दिल्ली-एनसीआर, यूपी और हरियाणा में गैंगस्टरों और अपराधियों को अधिक कीमत पर सप्लाई करता था।

### राहत की उम्मीदें पाले माननीय हुए मायूस

## वित्त मंत्री ने दिखाई राजधर्म की लकीर, लुभावनी घोषणाएं नहीं होने से थमी खींचतान

**नई दिल्ली।** चुनावी मौसम में बजट से बड़े सौगात की उम्मीद लगाए माननीयों को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की राजधर्म की लकीर ने मायूस किया है। लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की बजट घोषणाओं पर नजर लगाए विपक्षी सांसदों को जब सौगातों की बौछार तो दूर राहत की फुहार नहीं मिली तब उनकी आस टूट गई। लगे हाथ विपक्षी सदस्यों ने तंज कसते हुए इसे ज्ञान बजट करार दिया जिसमें भले ही बौद्धिक नजरिया हो लेकिन खासतौर से आयकर टैक्स देने वाले मध्यम वर्ग को कुछ नहीं मिल पाया।

### लुभावनी घोषणाएं नहीं होने से थमी खींचतान

पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को लेकर सियासत चरम पर होने के बावजूद बजट में लुभावनी घोषणाएं नहीं होने का असर सदन में भी नजर आया जहां पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक रस्साकशी की कोई नौबत ही नहीं आई। वित्तमंत्री की अहम घोषणाओं पर सत्ता पक्ष के मेज थपथपाने की गूंज और विपक्षी सदस्यों की एकरसता तोड़ने वाली हल्की-फुल्की टीका-टिप्पणियों के अलावा बजट पर सियासत का कोई रंग नजर नहीं आया।

### डिजिटल स्वरूप को तरजीह

देश की महिला वित्तमंत्री के तौर पर निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में लगातार अपना चौथा बजट पेश किया। अर्थव्यवस्था से लेकर बुनियादी ढांचे में



डिजिटल स्वरूप को तरजीह देने का संदेश देते हुए वित्तमंत्री ने टेबलेट पर बजट भाषण पढ़ा। कोरोना प्रोटोकाल के चलते वित्त मंत्री ने लोकसभा में पहली पंक्ति की बजाय दूसरी पंक्ति से बजट पढ़ा। कुछ एक सांसदों और मंत्रियों को छोड़ कर अधिकांश सदस्यों ने मास्क लगा रखा।

### नहीं हुआ हंगामा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सरीखे नेताओं ने पूरे बजट भाषण के दौरान एक क्षण के लिए भी अपना मास्क नहीं हटाया। भले ही बजट को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष सदन के बाहर सियासी तलवारें भांजे लेकिन लोकसभा में किसी राजनीतिक मुद्दे से इसे नहीं जोड़ा गया। डेढ घंटे के बजट भाषण के दौरान एक बार भी हंगामा नहीं होना इसका प्रमाण रहा।

### ऐसा दिखा नजारा

एयर इंडिया से लेकर एलआइसी के विनिवेश से जुड़ी घोषणाएं जब वित्तमंत्री ने की तब कुछ विपक्षी सदस्यों ने सब कुछ बेचे दिए जाने की टीका-टिप्पणी जरूर की। इसी तरह जब गिफ्ट सिटी में विदेशी शैक्षणिक संस्थाओं को विशेष अनुमति दिए जाने का एलान हुआ तो विपक्षी सदस्यों ने तंज कसा कि यह सब तो केवल गुजरात के लिए है। सत्तापक्ष के सदस्य हालांकि इससे उत्तेजित नहीं हुए और मेजें थपथपा कर इसका बड़ी चतुराई से जवाब दिया।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े कदम

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने पर जोर देने के एलान पर भी सत्ता पक्ष ने अपनी थपथपाहट से सदन की एकरसता तोड़ने की कोशिश की। वित्तमंत्री ने जब टैक्स भरते रहने के लिए कर दाताओं का धन्यवाद किया तब तृणमूल के वरिष्ठ सांसद सौगत राय की उम्मीद भी टूट गई।

### राजधर्म की ओर इशारा

केंद्रीय वित्तमंत्री के बजट संबोधन में ज्ञान के अलावा ठोस कुछ नहीं होने जैसे बीच में हल्के फुल्के तंज कसते रहे सौगत राय ने आखिरकार वित्तमंत्री से पूछ ही डाला कि आयकर दाताओं की छूट का क्या हुआ? दिलचस्प यह रहा कि वित्तमंत्री ने अगले ही पल अपने जवाब में टैक्स छूट नहीं देने की गुंजाइश को राजधर्म से जोड़ दिया। निर्मला सीतारमण ने महाभारत के शांतिपर्व के 72वें अध्याय के 11वें श्लोक का उल्लेख किया जिसका सार है कि राष्ट्र का राजधर्म किसी भी विधि से जनता का कुशलक्षेम और कल्याण है।

### विपक्ष को सम्मान

केंद्र सरकार का मकसद इस बजट के माध्यम से लोगों का कल्याण करते हुए राजधर्म निभाना है। राजधर्म के इस संदेश के बाद माननीयों को यह समझते देर न लगी कि वित्तमंत्री की झोली से राहतों की कोई फुहार नहीं निकलेगी। वित्तमंत्री का संबोधन खत्म होने के बाद पीएम मोदी ने सबसे पहले उनके पास जाकर उन्हें बधाई दी और फिर विपक्षी बेंच की ओर आकर प्रधानमंत्री तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय, सुदीप बंधोपाध्याय, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी से लेकर फारुख अब्दुल्ला सरीखे नेताओं से रूबरू हुए।

### खास खबर

#### एमएसपी गारंटी कानून बने तब जाकर किसानों का भला होगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का आम बजट पेश किया।बजट पर किसान नेता राकेश टिकैत ने पहली प्रतिक्रिया देकर कहा कि एमएसपी गारंटी कानून बनने के बाद ही किसानों को फायदा होगा। गन्ना बकाया पर बात कर टिकैत ने कहा गन्ना कानून में अगर 14 दिनों में भुगतान नहीं होगा,तब ब्याज देने का प्रावधान है, लेकिन पैसा नहीं मिलता है।पांच सालों से बीजेपी की यूपी में सरकार है, लेकिन फिर भी नहीं किया गया।मार्च महीने से भुगतान बकाया है। बता दें टिकैत केंद्र से लगातार एमएसपी पर कानून लाने की मांग करते रहे हैं।कृषि कानूनों के रद्द हो जाने के बाद भी टिकैत सरकार पर बेहद हमलावर हैं।उन्होंने कहा कि जब तक एमएसपी का कानून नहीं लाया जाएगा तब तक अनाजों की खरीददारी में फर्जीवाड़ा होता रहेगा। इससे किसानों के बजाया केवल व्यापारी, अधिकारी और नेताओं को ही फायदा होगा।

#### बजट में वेतनभोगी, मध्यम वर्ग, गरीब, युवा, और किसानों को कोई राहत नहीं : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** आम बजट को लेकर लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और इसे जीरो सम बजट करार दिया। उन्होंने कहा कि इस बजट में वेतनभोगी, मध्यम वर्ग, गरीब और वंचितों, युवा, किसान और एमएसएमई के लिए कुछ नहीं था। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा कि मोदी सरकार के बजट में कुछ नहीं है। मध्य वर्ग, वेतनभोगी वर्ग, गरीब और वंचित वर्ग, युवाओं, किसानों और एमएसएमई के लिए कुछ नहीं है। आपको बता दें कि सरकार ने इस बार इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है। जिसको कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भारत का वेतनभोगी वर्ग एवं मध्य वर्ग महामारी, वेतन में चौतरफा कटौती और कमरतोड़ महंगाई के इस दौर में राहत की उम्मीद कर रहा था। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, टैक्स रिटर्न में अगर कोई गलती हो जाती है तो उसे बाद में सुधारा जा सकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर करदाता से सलाना आय की घोषणा करने में कोई गलती हो जाती है तो वह इसे 2 साल में सुधार सकता है।

#### पंजाब में सबसे बड़ी पार्टी बन सकती हैं कांग्रेस, उत्तराखंड व मणिपुर में टक्कर

**नई दिल्ली।** हाल ही में देश के 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने तैयारी शुरु कर दी हैं। इसी बीच एक ओपिनियन पोल के मुताबिक कांग्रेस पंजाब में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर सकती है,लेकिन बहुमत हासिल करना कांग्रेस के लिए मुश्किल होगा है, जबकि गोवा में कांग्रेस गोवा-फॉरवर्ड पार्टी गठबंधन को बहुमत मिल सकता है। वहीं उत्तराखंड व मणिपुर राज्य के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर है। पंजाब की 117 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस 50-52 सीटें जीत सकती है,जबकि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और आम आदमी पार्टी (आप) दूसरे स्थान के लिए होड़ में हैं।शिरोमणि अकाली दल को 30-32 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि आप को 29-31 सीटें मिलेगी।भाजपा और उसके सहयोगी दल केवल 1 से 3 सीटें जीत सकते हैं जबकि अन्य 1 से 3 सीटें जीत सकते हैं।

#### विदेश भागने की फिराक में थे आतंकी संगठन के 3 मददगार, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** हरियाणा के सोनीपत में जीटी रोड पर गन्नौर व मुरथल के बीच से सोनीपत पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों में पति-पत्नी व उनका तीसरा साथी शामिल हैं। रवि व वरिंद्र दीप कौर (दंपती) पंजाब के तरनतारन और साथी कणभ चंडीगढ़ के रहने वाला हैं। तीनों फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भागने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट जा रहे थे। आरोपी पाकिस्तान में आतंकी संगठन के संपर्क में थे। जम्मू पुलिस से सोनीपत पुलिस को इनपुट मिला कि जैश-ए-मोहम्मद के तीन मददगार निजी वाहन से सोनीपत से गुजरने वाले है।

## प्रयागराज- मौनी अमावस्या पर 50 लाख श्रद्धाओं ने त्रिवेणी संगम पर लगाई आस्था की डुबकी



**प्रयागराज।** अध्यात्मनगरी तीर्थराज प्रयागराज में माघ मेला के तीसरे सबसे बड़े स्नान पर्व 'मौनी अमावस्या के अवसर पर मंगलवार को गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम त्रिवेणी पर श्रद्धाओं ने आस्था की डुबकी लगाई। त्रिवेणी तट पर सुबह 8 बजे तक 50 लाख से अधिक स्नानार्थी पवित्र डुबकी लगा चुके थे। देश के अलग-अलग कोनो से आए बच्चे, युवा और बुजुर्गों के समूह कोरोना संक्रमण के डर और अव्यवस्था की चिंता किए बिना माघ मेला क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। संगम तट पर दूधिया रोशनी के बीच श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त से घने कोहरे के बीच स्नान शुरू कर दिया।

शीत लहर का झोंका भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं पाया। संगम तट पर भीड़ इस कदर उमड़ी मानो आस्था का समंदर हिलोरे मार रहा है। संगम में स्नान करते समय समय बडी संख्या में श्रद्धालु मौन रहे तो कुछ हर-हर महादेव, जै गंगे, और ओम नमः शिवाय का जप करते रहे। आस्था की मौन डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा का विधिविधान से पूजन किया एवं उनको दुग्ध अर्पित किया। सूर्य देव को जल देते हुए परिवार की सुख, समृद्धि एवं स्वास्थ्य रहने की कामना किया। मेला में श्रद्धालु ऊंच-नीच, अमीर-गरीब और स्वस्थ्य- रूग्ण की दीवार ढहा एक साथ त्रिवेणी में डुबकी लगाई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड के खतरे को देखते हुए प्रदेश वासियों से अपील की है कि वैक्सीन की दोनो खुराक ले चुके और पूर्ण स्वस्थ्य लोग ही माघ मेला में स्नान करने आए। बुजुर्ग, बीमार एवं बच्चों को लेकर माघ मेला क्षेत्र में बिल्कुल भी प्रवेश न/न करें। मेला क्षेत्र में देश के कोने कोने से आने वाली बड़ी भीड़ के बीच कोविड नियमों के अनुरूप पालन कराना मेला प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## बजट पर विपक्ष की तरफ से हो रही आलोचनाओं के बीच बोले गृह मंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तरफ से मंगलवार को आम बजट पेश किया गया। इस बजट से हालांकि कई उम्मीदें थी, लेकिन मध्यम वर्गीय परिवारों को कोई खास राहत नहीं मिल पाई। कोरोना काल में पेश किए गए इस दूसरे बजट को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से मिली जुली प्रतिकियाएं मिल है। इस बीच, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बजट की तारीफ करते हुए इसे अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में मददगार करने वाला बताया है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाया गया ये बजट, एक दूरदर्शी बजट है, जो भारत की अर्थव्यवस्था का स्केल बदलने वाला बजट साबित होगा। ये बजट भारत को आत्मनिर्भर



बनाने के साथ स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव डालेगा। इसके लिए नरेन्द्र मोदी और निर्मला सीतारमण जी का अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने आगे कहा कि बजट का आकार बढ़ाकर 39.45 लाख करोड़ करना, कोरोनाकाल में भी भारत की तेज़ी से बढती अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। वित्तीय घाटे का लक्ष्य 6.9त्न से घटाकर 6.4त्न करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे विश्वास है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वित्तीय घाटे को 4त्न से नीचे लाने में सफल होगा। गृह मंत्री ने आगे कहा कि कोरोना के बाद वैश्विक आर्थिक जगत में उत्पन्न हुए अवसरों का दोहन करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक होगा। कोरोना के बाद वैश्विक आर्थिक जगत में उत्पन्न हुए अवसरों का दोहन करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक होगा।

### एसकेएम की मोदी सरकार को चेतावनी, मांग नहीं मानी तब फिर से आंदोलन शुरु होगा

नई दिल्ली। मोदी सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों की अगुवा रही संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने चेतावनी दी कि अगर सरकार पिछले साल दिसंबर में किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं करती है,तब अपना आंदोलन फिर शुरू करेगा। एसकेएम ने बयान में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर समिति गठित करने और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामलों को वापस लेने सहित किसानों से किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है।

## अभिनेत्री शबाना आजमी आई कोरोना की चपेट में

### जावेद अख्तर की तबीयत को लेकर प्रशंसक चितिंत

**मुंबई।** कोरोना की तीसरी लहर में बॉलीवुड के सितारें भी बच नहीं पा रहे हैं अब अभिनेत्री शबाना आजमी भी कोरोना की चपेट में आ गई हैं। शबाना आजमी ने खुद के कोरोना संक्रमित होने की सूचना सोशल मीडिया के जरीए अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स दी है। कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद शबाना आजमी ने खुद को बाकि लोगों से अलग-थलग कर लिया है। ये खबर शेयर करते ही शबाना आजमी और जावेद अख्तर के फैंस की चिंता बढ़ गई है। सोशल मीडिया के जरिए अभिनेत्री के फैन जल्दी से उनके ठीक होने की कामना कर रहे हैं। शबाना आजमी ने अपने पोस्ट में बताया है कि उनमें कोरोना के हल्के लक्षण हैं और उन्होंने फिलहाल खुद को क्वारंटीन कर लिया है। एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कई यूजर उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। अभिनेत्री दिव्या दत्ता, डायरेक्टर बोनी कपूर और मनीष मल्होत्रा सहित कई सितारों ने शबाना आजमी के जल्दी ठीक होने को लेकर कमेंट किए हैं। शबाना आजमी ने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। जिसके साथ उन्होंने अपने कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी देते हुए लिखा- 'आज मेरी कोविड 19 टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मैंने खुद को आईसोलेट कर लिया है। आप सभी से विनती है कि जो भी लोग मेरे संपर्क में आए हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### ब्रेसनन ने खेल को अलविदा कहा

**लंदन** । इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर टिम ब्रेसनन ने खेल को अलविदा कह दिया है। ब्रेसनन काउंटी टीम वारविकशायर की ओर से खेलते हैं। उसने भी ब्रेसनन के खेल को अलविदा कहने की बात मानी है। ब्रेसनन ने कहा कि संन्यास का यह फैसला बेहद कठिन रहा पर तकालीन प्रशिक्षण में लौटने के बाद मुझे लगा कि यह सही समय है। मैंने काउंटी में अपने 21वें पेशेवर वर्ष की तैयारी के लिए पूरे ऑफ-सीजन में कड़ी मेहनत करना जारी रखा लेकिन मुझे लगता है कि मैं अब अपने और अपने साथियों के लिए उच्च स्तर का प्रदर्शन नहीं कर पाता। उन्होंने कहा कि मैं जिस खेल से प्यार करता हूं, उसके लिए मेरे पास जो उत्साह है, वह मुझे कभी नहीं छोड़ेगा, मैं 2022 सीजन से निपटने के लिए तैयार हूं लेकिन मेरा शरीर नहीं। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपने करियर और वारविकशायर को बड़े गर्व के साथ देखूंगा और देश का प्रतिनिधित्व करना एक पूर्ण सम्मान की बात है। बड़े होकर मैंने कभी विश्वास नहीं किया होगा कि मैं कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों के साथ और कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों के खिलाफ खेलने के लिए कितना भाग्यशाली था।

### फीडे महिला कैंडीडेट शतरंज में हम्पी को अवसर

**नई दिल्ली** । फीडे महिला कैंडीडेट शतरंज में भारत की एकमात्र खिलाड़ी कोनेरु हम्पी भी जगह बनाने में सफल रही हैं। इस प्रतियोगिता में रूस की तीन जबकि चीन और उक्रेन की दो-दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। विश्व शतरंज संघ ने हालांकि इस टूर्नामेंट के लिए अभी समय और स्थान की घोषणा नहीं की है पर पिछले दो साल से चल रही विभिन्न प्रतियोगितों के आधार पर टूर्नामेंट के जिए जिन आठ खिलाड़ियों के नाम तय हुए हैं। वे हैं भारत की कोरेरु हंपी, रुस की अलेक्सान्द्रा गोरयाचकिना, रुस की ही लागनों काटेरयना, चीन की ली टिंगजे, रुस की अलेक?ड्रा कोस्टेनियुक, चीन की तान ?होंगयी जबकि उक्रेन की अन्ना मुजयचूक और मारिया मुजयचूक भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की हम्पी के पास क्लासिकल विश्व चैम्पियन बनने का यह अच्छा अवसर है।

वेस्टइंडीज से भिड़ने को तैयार रोहित आर्मी

# अहमदाबाद पहुंची टीम इंडिया, 3 दिन क्वारंटीन में रहेंगे खिलाड़ी, 6 फरवरी को होगा पहला वनडे

**अहमदाबाद।** साउथ अफ्रीका सीरीज की कड़वी यादों को भुलाकर भारतीय टीम अपने नए मिशन पर निकल पड़ी है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 6 फरवरी से 3 मैचों की वनडे और इतने ही मैचों की टी- 20 सीरीज खेली जाने वाली है। वनडे सीरीज के सभी मुकाबले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे, जिसके लिए टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी अहमदाबाद पहुंच गए हैं।




### बायो बबल में रहेंगे खिलाड़ी

भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी अहमदाबाद पहुंचने के साथ ही बायो बबल में प्रवेश कर गए हैं। BCCI के एक सदस्य ने इंडिया टुडे से बातचीत के दौरान कहा- भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी 3 दिन तक क्वारंटीन में रहेंगे। बता दें कि वनडे सीरीज के लिए भारतीय सिलेक्टर्स ने 18 सदस्यीय टीम का चयन किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 50 ओवर फॉर्मेट सीरीज में टीम इंडिया को शर्मनाक 3-0 से मिली हार का सामना करना पड़ा था, ऐसे में टीम के लिए ये सीरीज काफी अहम होने वाली है।

### रोहित शर्मा की बतौर कैप्टन पहली सीरीज

विराट कोहली को वनडे की कप्तानी से हटाए जाने के बाद रोहित शर्मा की बतौर फुलटाइम वनडे कैप्टन ये पहली सीरीज होगी। वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 6 फरवरी, दूसरा 9 फरवरी और तीसरा 11 फरवरी को खेला जाएगा। अगले साल भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदानों पर एकदिवसीय वर्ल्ड कप खेलना है, जिसके लिए कप्तान रोहित और हेड कोच राहुल द्रविड़ की नजरें मजबूत प्लेइंग-XI तैयार करने पर रहेगी।

### बिश्नोई और हुड्डा को मिला मौका

वनडे सीरीज के लिए युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और ऑलाउंडर दीपक हुड्डा को पहली बार नेशनल टीम का हिस्सा बनाया गया है। 2020 में टीम इंडिया के लिए अंडर-19 वर्ल्ड कप खेल चुके बिश्नोई ने बहुत ही कम समय में क्रिकेट के जानकारों को खासा प्रभावित किया है। अंडर-19 WC में उन्होंने 6 मैचों में भारत के लिए सबसे ज्यादा 17 विकेट चटकाए थे। वहीं, हुड्डा ने भी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में राजस्थान की ओर से खेलते हुए 6 मैचों में 73.50 की शानदार औसत और 168 के ताबड़तोड़ स्ट्राइक रेट के साथ कुल 294 रन बनाए थे।

# आईपीएल में अय्यर, कमिंस, वार्नर पर लग सकती है करोड़ों की बोली





**मुम्बई** । आईपीएल के 15 वें सत्र के होने वाली मेगा नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होगी। इसमें इस बार आठ की जगह दस टीमें भाग लेंगी। इस नीलामी की नई टीमें लखनऊ और अहमदाबाद हैं। नीलामी में श्रेयस अय्यर , पैट कमिंस सहित पांच खिलाड़ियों पर करोड़ों की रकम लगायी जा सकती है।

श्रेयस अय्यर : श्रेयस अय्यर टी20 लीग के पिछले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से उतरे थे पर इस बार उन्होंने दिल्ली छोड़ दी है और ऐसे में आरसीबी और केकेआर जैसी टीमें उन्हें बड़ी रकम देकर खरीद सकती हैं। श्रेयस का आधर मूल्य 2 करो? रुपए रखा गया है।

पैट कमिंस : ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस पिछले सीजन में केकेआर की ओर से उतरे थे। उन्होंने एशेज में भी अच्छा शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में वे टी20 में गेंद और बल्ले दोनों से कमाल का प्रदर्शन कर चुके हैं। ऐसे में सभी टीमों उन्हें खरीदना चाहेंगी।

डेविड वॉर्नर : अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर पिछले बार सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान थे पर सत्र के बीच में ही टीम ने उन्हें हटा दिया था। वह आईपीएल में सबसे अधिक रन बनाने वाले विदेशी बल्लेबाज हैं, ऐसे में कई टीमें उन्हें बड़ी रकम देकर खरीद सकती हैं।.

कागिसो रबाडा : दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने पिछली बार दिल्ली कैपिटल्स की ओर से शानदार प्रदर्शन किया था। वह अभी विश्व के सबसे बेहतर गेंदबाजों में शामिल हैं। ऐसे में उनपर टीमें बड़ी बोली लगा सकती हैं।

ट्रेंट बोल्ट : न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने आईपीएल में अब तक मुम्बई इंडियंस और कोलकाता नाइटरायडर्स (केकेआर ) की ओर से खेला है। इस बार उन्हें अन्य टीमें बड़ी रकम देकर अपने से जोड़ना चाहेंगी।




# अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनल में भारतीय टीम का पलड़ा रहेगा भारी



**एंटिगा** । अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइन में बुधवार को भारतीय टीम का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। भारतीय टीम ने लीग मुकाबलों के दौरान छह खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित होने के बाद भी जीत दर्ज की। उसने क्वार्टर फाइनल में गत विजेता बांग्लादेश को 5 विकेट से हराकर अपने मजबूत इरादे जता दिये हैं। भारतीय टीम लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंची है। आंकड़ों पर भी नजर डालें तो भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल में हमेशा ही ऑस्ट्रेलियाई टीम पर भारी पड़ी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक सात बार मुकाबला हुआ है। इसमें से भारतीय टीम ने पांच मुकाबले में जीत दर्ज की है जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल दो बार ही जीती है। साल 2000 से 2020 के बीच दोनों टीमों के बीच हुए अंतिम 5 मुकाबलों को देखें तो हर बार भारतीय टीम सफल रही है। साल 2000 की बात करें तो भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में 170 रन के बड़े अंतर से हराया था। तब भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 284 रन बनाए थे। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल 114 रन बना पायी थी। साल 2012 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 8 विकेट पर 225 रन बनाए पर भारतीय टीम ने कप्तान उन्मुक्त चंद के नाबाद शतक से यह मुकाबला जीत लिया था।



# पुलिस आरक्षक की दबंगई, पुलिस आचरण के विरुद्ध सार्वजनिक पत्रकारों को दे डाली सबक सिखाने की धमकी



मेहगांव। पुलिस थाने के आरक्षक प्रदीप तोमर ने बीते रोज मेहगांव के पत्रकारों को सार्वजनिक तौर पर सबक सिखाने की धमकी दे डाली। इसको लेकर मेहगांव के समस्त पत्रकारों में असंतोष व्याप्त है। मेहगांव के पत्रकारों ने आरक्षक प्रदीप तोमर को उनके असभ्य आचरण के चलते निलंबित कर नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने को लेकर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आरकेएस राठौर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पत्रकारों ने बताया कि आरक्षक 1087 प्रदीप तोमर मेहगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव एवं कस्बे में जुआ, सट्टे के अवैध व्यापार को संचालित करने वालों से एवं मादक पदार्थ की विक्री करने वालों से सांठ गांठ कर अवैध वसूली करने और क्षेत्र में अवैध व्यापार को संचालित करने में भी लिप्त है। क्षेत्र में चल रहे अवैध गोरख धंधों के बारे में यदि मीडिया के लोग आपस मे चर्चा भी करते है तो प्रदीप तोमर उन्हें धमकाने का काम करता है। बीते रोज विद्युत विभाग में किसान कांग्रेस का धरना प्रदर्शन चल रहा था तो कार्यक्रम समाप्ति के बाद पत्रकार गण आपस मे चर्चा कर रहे थे। जिसमे पुलिस के पास एक निर्दोष अपाहिज लड़की के मोबाइल जब्ती के विषय पर बातचीत चल रही थी। जिसमे उस लड़की के द्वारा पुलिस पर मोबाइल न देने की बात कही गई। तो वहीं पीछे से प्रदीप तोमर बिना गणवेश के बिना पूरी बात सुने पत्रकारों से अभद्रता पूर्ण एवं पुलिस के आचरण विरुद्ध शब्दों में धमकाते हुए बोला कि तुम पत्रकार हो पत्रकार रहो नेता क्यों बनते हो। बात यहीं खत्म नही हुई आरक्षक प्रदीप तोमर सबके सामने धमकाते हुये बोले कि तुम सबको तो हम ही सबक सिखाएंगे। आरक्षक प्रदीप तोमर का सार्वजनिक तौर पर यह व्यवहार पुलिस आचरण के विरुद्ध एवं पत्रकारों के सम्मान को भी ठेस पहुँचाता है। पत्रकारों ने उक्त आरक्षक पर नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाये एवं इन्हें पुलिस के सभ्य आचरण का पाठ सिखाया जाए।

### इनका यह कहना है :

मेरे पास सभी पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस आरक्षक के असभ्यता पूर्ण व्यवहार की शिकायत की है। मामले की तुरन्त जांच कराकर कार्यवाही करेंगे। पत्रकारों के साथ यह व्यवहार अगर हुआ है तो गलत है।

**आरकेएस राठौड़ - एसडीओपी मेहगांव**

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 75 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 75 आवेदकों की गंभीर होकर फरियाद सुनी। जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड उदयसिंह सिकरवार, अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपो का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनो पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देष दिए। साथ ही जनसुनवाई में आए आवेदको को उनके द्वारा दिए गए आवेदनों की पावती उपलब्ध कराई।

फोटो नम्बर-01

## गांधी अतीत ही नही बल्कि भारत का भविष्य भी हैं : संदीप



भिण्ड। गांधी अतीत ही नही बल्कि भारत का भविष्य भी हैं, मूल्यों के प्रतिष्ठापक महात्मा गाँधी आधुनिक भारत के जनक हैं, इसलिए वो राष्ट्रपिता हैं। ये बात महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना कार्यक्रम में सेवादल के जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कही। श्री मिश्रा ने कहा राष्ट्रीय आन्दोलनों के तीन दशकों तक हमें उनके प्रेरक मार्गदर्शन, सफल नेतृत्व एवं मानवतावादी जीवन-मूल्यों का पाथेय मिलता रहा है। उन्होंने अपनी कथनी और करनी से विश्व-मनीषा को दूर तक आंदोलित किया है। पूरे विश्व में सत्याग्रह गाँधी-चिन्तन का प्रथम आविष्कार माना गया है। अहिंसक आंदोलन उनका दिव्यास्त्र था, जिसका आह्वान करके अनेकों बार अविस्मरणीय सफलता मिली थी। प्रार्थना सभा मे ईसाई धर्म प्रमुख फादर जॉन डिसूजा मुस्लिम धर्म प्रमुख काजी इरफान साहब सनातन धर्म प्रमुख धर्माचार्य कुलदीप शास्त्री सिख धर्म प्रमुख धर्म आचार्य सरदार बलवीर सिंह जी बौद्ध धर्म प्रमुख भंते धर्म आचार्यों के रूप में उपस्थित थे। सभी प्रमुख धर्म आचार्यों के साथी प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी खिजर मोहम्मद कुरेशी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, रामप्रकाश यादव, राधेश्याम शर्मा, पूर्व सेवादल के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र भदोरिया, समाजसेवी कान्यकुब्ज महासभा के अध्यक्ष ओपी शुक्ला साहब, कल्लू भारौली, प्रदीप जैन गुड्डा, चक्रेश जैन, राहुल कुशवाह, आशुतोष शर्मा, विवेक पचौरी, कैलाश माहौर, रामजी लाल शाक्य, योगेश शाक्य रमजान खान साबू खान धर्मेंद्र पाराशर राजवीर खन्ना सुनील कौशल ममता मिश्रा, रेखा भदोरिया, रीना चौहान, मोहर सिंह, विनोद जाटव व कई अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पतलखोरी में 8 घरों के ताले तोडे, युवक के जागने पर कट्टा अडाया, लावन में 15 लाख की चोरी



भिण्ड। जिले के दो थाना क्षेत्रों में चोरों ने वारदातें की। लावन में रहने किसान के घर चोरों ने धावा बोला। चार लाख नकदीए पंद्रह तोला सोना और ढाई किलो चांदी के जेवर समेट ले गए। पतलखोरी गांव में आठ घरों के ताले चटका दिए। एक युवक जाग गया। कट्टा अडाकर पंद्रह हजार नकदी ले गए।

### 40 मिनट में चोरी, संदेही सीसीटीवी में कैद

लावन गांव में प्राइवेट शिक्षक अनिल शर्मा के घर चोरी की वारदात रात के समय चालीस मिनट में हुई। रात 12 बजे से पौने एक बजे तक चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। वारदात की रात फरियादी अनिल शर्माए अपने रिश्तेदार के घर ग्वालियर शादी समारोह में शामिल होने गए थे। छोटा भाई अभिषेक शर्मा भिंड में था। घर के अंदर बडे भाई प्रभात किशोर, ताई व एक लडकी थी। चोर, सीधे पूजा वाले कमरे में पहुंचे। यहां बक्से का ताला तोडकर उसमें मकान बनवाने के लिए रखे चार लाख रुपएए पंद्रह तोला सोना और ढाई किलो चांदी समेट ले गए। रात एक बजे जब फरियादी की ताई जागीए तब वारदात की जानकारी लगी। संदेही युवक गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। घर से थोडी दूर पर चोरों ने चोरी किए गए सामान का हिस्साबांट किया और जेवरों की डिब्बी खेत में छोडकर भाग गए। फरियादी की शिकायत पर बरही थाना पुलिस ने चोरी की वारदात को दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### हथियारबंद बदमाशों ने की चोरी की वारदात

पतलखोरी गांव में चोरों ने सरपंच समेत आठ लोगों के घर को निशाना बनाया। यहां चोरए बारी. बारी लोगों के घरों में पहुंचे और जिन कमरों में परिवार के सदस्य सो रहे थे उनकी बाहर से कुंदी लगा दी। इसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस तरह से आठ घरों के ताले चटकाकर बदमाशों ने चोरी की। बदमाशों ने चोरी की वारदात के दौरान पतलखोरी में रहने वाले जयनारायण शर्मा, संजय शर्मा, सरपंच चंडिका भारद्वाज, चूरामणि राठौर, छक्कीलाल राठोर, उमाचरण भारद्वाज अन्य घरों को निशाना बनाया। इस दौरान चूरामणि राठौर बदमाशों की आहट से जाग गए। इसके बाद चोरों ने कट्टा अडा दिया और पंद्रह हजार नकदी छीन ले गए। हालांकि बरासो पुलिस पूरे मामले की पडताल में जुटी हुई है। मौके पर फोरेंसिक टीम बुलाई गई। डॉग स्क्वायड की टीम भी पडताल के लिए आई है।

## मलेरिया टीम न चलाया वार्डो में एंटी लार्वा अभियान, किया दवा का छिडकाव

भिण्ड। शहर में बढ़ते डेंगू के प्रकोप को देखते हुए मलेरिया अधिकारी डॉ. डीके शर्मा के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के उपरांत शहर के वार्डो में टीम के द्वारा एंटी लार्वा का छिडकाव किया गया। मलेरिया टीम ने आर्य नगर, वीरेन्द्र नगर के 172 घरों में सर्वे किया, इस दौरान जहां भी डेंगू मच्छरों का लार्वा दिखाई दिया तो तुरंत दवाई डालकर नष्ट किया गया। वहीं लोगों को समझाइश दी गई घरों के छत पर खुले वर्तन पानी न रहने दें, जिसमें लार्वा पनपता हो।

## बच्चों की तलाश अब भी जारी, पिता रेस्क्यू टीम के साथ जगह-जगह कर रहा तलाश

भिण्ड। पांच दिन पहले भंडारे में शामिल होकर लौट रहे लोगों की नाव सिंध नदी में पलट गई थी। हादसे में दस वर्षीय ओम व सोलह वर्षीय द्रोपदी डूब गई थी। इन दोनों बच्चों की तलाश पिछले दिनों से जारी है। गोताखोर और रेस्क्यू टीम घटना स्थल से यूपी सीमा तक करीब 15 किलोमीटर तक तलाश कर चुके है। पांचवें दिन फिर रेस्क्यू टीम व गोताखोर नदी में उतरे। इनके साथ ओम का पिता भी वोट पर सवार होकर तलाश कर रहा है। मिर्जापुर में रहने वाले सुभाष बघेल के तीन बेटियों में सबसे छोटा इकलौता बेटा ओम था। टेहनगुर में आयोजित भंडारे में शामिल होने के लिए सुभाष अपने बेटे और बेटी के साथ आया था। नदी को पार करने के लिए सुभाष ने अपने बेटे को नाव में सवार कर दिया था। सुभाष को यह पता नहीं था कि जिस नाव में बेटे को बैठा रहे है वो नाव काल बन जाएगी। यह नाव पानी में करीब 20 से 25 फीट पानी की गहराई में पहुंचकर पलट गई। इस नाव में 14 लोग सवार थे। नाव जर्जर थी। नदी का पानी नाव के अंदर आ रहा था। नदी के मझधार में पहुंचकर डूब गई। इस हादसे में 12 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। ओम व द्रोपदी पुत्री सुखदेव डूब गए। इन दोनों बच्चों की तलाश जारी है। अपने इकलौते बेटे की तलाश में सुभाष पिछले तीन दिन से लगातार गोताखोरों और रेस्क्यू दल के साथ वोट पर सवार होकर नदी में बेटे की तलाश कर रहे हैं।

**मां और बहनें बेहाल**

अपने घर का इकलौता चिराग पानी में डूबने की घटना के बाद से नाते-रिश्तेदार और परिवार में शोक का माहौल बना हुआ है। ओम की मां और तीन बहनें बेहाल है। वहीं, ओम का पिता पिछले पांच दिन से लगातार बेटे की तलाश में नदी पर आता है। हालांकि अब वो भी कह रहा है कि अब बेटा नहीं है। साथ छोड़कर चला गया। वो अपने बेटे के शव की तलाश को लेकर बेताब है। रेस्क्यू दल और गोताखोरों से बेटे के शव की तलाश को लेकर बार--बार पूछता है। जहां-जहां नदी में गहराई ज्यादा है वहां जाल डालकर

## भाजपा की तर्ज पर कांग्रेस ने भी शुरू किया बूथों को मजबूत करने का अभियान



मेहगांव । मेहगांव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला ने खेरियातोर ग्रामपंचायत के बूथ की चौपाल पर ग्रामीणों को संबोधित किया और कांग्रेस की 15 महीने की सरकार की उपलब्धियां बताई। वहीं भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर के भी निशाना साधा। आज बालेन्दु शुक्ला के द्वारा घर चलो, घर घर चलो अभियान की शुरुआत की गई जिसमें कार्यकर्ता सीधे आमजनता से घर घर पहुँचकर संपर्क करेंगे। आज पूर्व मंत्री शुक्ल के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, जिला महामंत्री अमित दांतरे, नगर अध्यक्ष रामौतार चौधरी रामहरी शर्मा के अलावा जिले व ब्लॉक के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बालेन्दु शुक्ल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये साधा सिंधिया पर निशाना

आज मेहगांव में जिला कांग्रेस के महामंत्री अमित दांतरे के निवास पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बालेन्दु शुक्ल ने पूर्व कांग्रेसी नेता एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर जमकर हमला बोला। बालेन्दु शुक्ल ने कहा जो कांग्रेस में रहकर अपना घर नही बचा पाए तो राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिये भाजपा में गए। सिंधिया के साथ गए विधायकों को भी भाजपा ने पैसों में तौल कर खरीदा है। वहीं जिन विधायकों को जनता ने जवाब देकर नकार दिया तो भाजपा ने उन्हें भी मंत्री पद से नवाज दिया है। यह भाजपा की रीति नीति है कांग्रेस पहले भी कार्यकर्ताओं की थी आज भी है और कल भी रहेगी।

## दुर्योधन का वध कुल के साथ बेईमानी का सबक : रामगोविंद शुक्ल

मेहगांव। ग्राम पंचायत डोंडरी में चल रही श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कल तीसरे दिवस आज भागवत कथा में कथावाचक श्री रामगोविंद शुक्ला जी ने आज भागवत महापुराण की कथा का महत्व बताते हुये कहा कि महाभारत में दुर्योधन को अपने कर्मो का दंड मिला था। दुर्योधन ने अपने भाइयों के साथ, कुल के साथ जो बेईमानी और पाप किये उसकी सजा पूरे कौरव वंश को मिली। जिसके बाद राजा परीक्षित के जन्म की कथा सुनाई गई। आज की भागवत कथा के दौरान बड़ी



संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु और भक्तजन उपस्थित रहे। कथा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से प्रारंभ होती है जिसमे सभी श्रद्धालु भक्तजन धर्म लाभ ले सकते है। भागवत कथा के परीक्षत श्रीमती रामरती देवी स्व छक्कीलाल करसौलिया, श्रीमती ऊषा भगवती चरण करसौलिया, सुनील करसोलिया, श्री भगवान करसोलिया, विवेक करसोलिया, देवू करसोलिया आकाश करसोलिया अभय करसोलिया के द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

## आंगनवाडी व सुपरवाइजरों की बैठक संपन्न

भिण्ड। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी एवं सुपरवाइजर स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर के पुलिस लाइन के अस्पताल में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर डीके शर्मा के द्वारा सभी को जानकारी उपलब्ध करायी गई। इस मौके पर आंगनवाडी सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रही। इस दौरान अधिकारियों डॉ. शर्मा ने मातृ, मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कैसे कम किया जाये इसके संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी। शासन की राष्ट्रीय प्रोग्रामों में उपलब्धि उल्लेखनीय प्राप्त की जा सके, इस हेतु सभी को जानकारी उपलब्ध करायी।

## चुनावी घोषणाओं से भरा बजट

**सिद्धार्थ शंकर**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किए बजट में किसानों के लिए सौगातों का पिटारा खोला। बजट में सभी तबके के लोगों का ध्यान रखने की कोशिश की गई। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने इस बजट में किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की। इसमें किसानों को डिजिटल सेवा देना, तिलहनों के उत्पादन को बढ़ावा देने का अभियान शुरू किया जाना शामिल है। इसके अलावा पांच नदियों को आपस में जोड़ा जाएगा, सिंचाई-पेयजल सुविधा बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। हालांकि, 12 करोड़ से अधिक किसानों की उम्मीदों को झटका लगा है। पीएम किसान के 12 करोड़ से अधिक किसानों को उम्मीद थी कि इस बार बजट में पीएम किसान की राशि कम से कम डेढ़ गुनी हो जाएगी, पर ऐसा नहीं हो सका। नौकरी-पेशा करने वाले लोगों को भी मायूसी हाथ लगी है। सीतारमण ने बजट 2022 में इनकम टैक्स को लेकर कोई भी घोषणा नहीं की। इससे इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव और इनकम टैक्स रेट्स घटाए जाने की उम्मीद लगाए हुए आम लोगों को निराशा ही हाथ लगी है। वित्त मंत्री बजट में वर्क फ्रॉम होम डिडक्शन या स्टैंडर्ड डिडक्शन लिमिट में बढ़ोतरी से जुड़ी कोई भी घोषणा नहीं की और न ही स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट में कोई बदलाव किया गया है। बावजूद इसके बाजार ने बजट का दिल खोलकर स्वागत किया। बजट पेश होने के बाद शेयर बाजार में रौनक देखने को मिली। बजट भाषण के दौरान बैंकिंग स्टॉक में जबरदस्त तेजी रही। बजट भाषण के बाद सेंसेक्स करीब 750 अंक मजबूत होकर 58,780 अंक के पार कारोबार कर रहा था। बजट पर सरकार ने किसानों पर खास जोर दिया है। किसान आंदोलन के नुकसान से निपटने सरकार ने कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसानों को डिजिटल सेवा देने, तिलहनों के उत्पादन को बढ़ावा देने, देशभर में गंगा के किनारे 5 किलोमीटर के दायरे में केमिकल फ्री नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देने के ऐलान किए गए हैं। साल 2023 को सरकार ने मोटा अनाज वर्ष घोषित करने का फैसला लिया है। पिछले वर्ष मोटे अनाज को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विस्तार से बात की थी। अब बजट में ऐलान किया गया है कि सरकार मोटे अनाज उत्पादों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग पर जोर देगी। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 44 हजार 605 करोड़ रुपए की लागत से केन-बेतवा लिंक परियोजना को शुरू करने का ऐलान किया है। इससे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को राहत मिलेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए बजट से पहले विशेषज्ञों का अनुमान था कि सरकार के इस बजट में चुनावी राज्यों के लोगों के लिए सौगात होने की संभावना है। खासकर उन किसानों के लिए जो तीन कृषि कानूनों को लेकर सरकार पर निशाना साधते रहे हैं। एक साल से ज्यादा वर्षों तक चले किसानों आंदोलन से सरकार पहले ही बैकफुट में है। ऐसे में सरकार ने इस बजट में किसानों के लिए कई योजनाओं का पिटारा खोला है। किसानों के साथ ही आम लोगों को भी सरकार ने राहत दी है। पीएम आवास योजना के तहत ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में 80 लाख नए आवास पूरे किए जाएंगे। इस योजना के लिए सरकार 48,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पहले सिर्फ गरीब वर्ग के लिए था। लेकिन, अब होम लोन की रकम बढ़ाकर शहरी इलाकों के गरीब और मध्यम वर्ग को भी इसके दायरे में लाया गया है। कुल मिलाकर बजट को सर्वहितैषी माना जा सकता है। इसका असर क्या होगा, यह आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा।

# राजपथ पर दिखी भारत की बढ़ती सैन्य ताकत

**योगेश कुमार गोयल**

राष्ट्रीय गौरव के अवसर गणतंत्र दिवस पर गणतंत्र दिवस परेड भारत की ताकत को पूरी दुनिया के सामने रखने का एक बड़ा अवसर होता है और इस बार परेड में पूरी दुनिया ने राजपथ पर भारत की लगातार बढ़ती ताकत को देखा। गणतंत्र दिवस परेड में आयोजित किए गए रंगारंग कार्यक्रमों के अलावा देश की संस्कृति और परम्पराओं को प्रदर्शित करने के लिए निकाली गई झांकियों तथा पूरे विश्व को भारत की ताकत दिखाने के लिए सेनाओं के जवानों द्वारा किए गए अनोखे करतबों ने हर किसी का मोह लिया। सही मायनों में इस वर्ष परेड में राजपथ पर देश की सांस्कृतिक विरासत और सैन्य शक्ति की झलक स्पष्ट दिखाई दी। हालांकि कोरोना प्रोटोकॉल के चलते इस वर्ष परेड के दौरान होने वाले आयोजनों में कई बदलाव किए गए थे। देश की आजादी के 75 साल बाद पहली बार ऐसा हुआ, जब परेड 10 बजे के निर्धारित समय के बजाय आधे घंटे देरी से शुरू हुई और परेड का रूट 8.3 किलोमीटर से घटाकर 3.3 किलोमीटर कर दिया गया। परेड में सेना की मार्चिंग टुकड़ियों से लेकर टैंक, तोप और बैंड के अलावा वायुसेना के फ्लाईपास्ट ने इस आकर्षण में चार चांद लगा दिए। कई विमानों के फ्लाईपास्ट के दौरान भारत के लड़ाकू विमानों का शौर्य पूरी दुनिया को देखने को मिला।

गणतंत्र दिवस परेड के दौरान पहली बार वायुसेना के 75 लड़ाकू विमानों ने राजपथ पर अपनी ताकत दिखाई, जिनमें फ्रांस से आया राफेल भी सम्मिलित था। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए 17 जगुआर विमानों ने 75 के आकार में उड़ान भरते हुए न केवल एक अलग रोमांच पैदा किया बल्कि पूरी दुनिया को भारत की बढ़ती वायुशक्ति का भी परिचय दिया। इस साल की परेड की सबसे विशेष बात यही रही कि इस बार 'आजादी का अमृत महोत्सव' थीम के मद्देनजर ही फ्लाईपास्ट में 39 लड़ाकू जेट विमान, 28 लड़ाकू हेलीकॉप्टर तथा तीनों सेनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 8 परिवहन विमान शामिल हुए। लड़ाकू जेट राफेल, जगुआर, मिग-29, सुखोई-30, डकोटा, डोर्नियर के अलावा समुद्री टोही विमान पी8आई और चिनूक, एएलएच तथा एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने अपनी गर्जना के साथ पूरी दुनिया को भारत की बढ़ती सैन्य ताकत का अहसास कराया। दो चरणों में हुए फ्लाईपास्ट की शुरूआत 4 एमआई-17 हेलीकॉप्टर के साथ 'ध्वज' फॉरमेशन के साथ हुई। इसके बाद 'रूद्र' और 'राहत' फॉरमेशन में क्रमशः 4 व 5 एएलएच (एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर) राजपथ से गुजरे। फ्लाईपास्ट के दूसरे चरण में तीनों सेनाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न विमानों के साथ 13 फॉरमेशन हुए तथा आखिरी फॉरमेशन 'अमृत' में 17 जगुआर लड़ाकू विमान शामिल हुए।

फ्लाईपास्ट में 'वरूण' नामक फॉरमेशन में नौसेना के 2 मिग-29के विमानों के साथ नौसेना के लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान पी8आई ने भी उड़ान भरी, जो एलएसी पर चीनी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लद्दाख और उससे पहले डोकलाम में भी तैनात किए गए थे। 'मेघना' फॉरमेशन में एक चिनूक हेलीकॉप्टर तथा चार एमआई-17 ने करतब दिखाए। परेड में 1971 की जंग में भारत की शानदार जीत का प्रतिबिम्ब स्पष्ट परिलक्षित हुआ, जो प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित करने के लिए पर्याप्त था। फ्लाईपास्ट में उड़ान भरने वाले विभिन्न फॉरमेशन को वायुसेना के 1971 की जंग के कई ऑपरेशनों के नामों के आधार पर नाम दिए गए थे। 'टेंगेल फॉरमेशन' फ्लाईपास्ट का अहम हिस्सा रहा, जिसमें एक डकोटा तथा दो डोर्नियर 1971 के युद्ध में टेंगेल एयरड्रॉप ऑपरेशन के लिए श्रद्धांजलि देते हुए विक फॉरमेशन में उड़ान भरते नजर आए। परेड में राफेल विमान सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में



नजर आए। 'विनाश' फॉरमेशन में पांच राफेल जेट ने दुनिया को भारत की निरन्तर बढ़ती ताकत से रूबरू कराया, वहीं 'बाज' फॉरमेशन में एक राफेल शामिल हुआ, जिसके किनारे दो जगुआर, दो सुखोई-30 तथा दो मिग-29 लड़ाकू विमान उड़ान भरते दिखाई दिए।

भारतीय सेना के 6 मार्चिंग सैन्य दलों में राजपूत रेजीमेंट, असम रेजीमेंट, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, सिख लाइट इन्फैंट्री, आर्मी ऑर्डनेंस कोर रेजीमेंट तथा पैराशूट रेजीमेंट भी गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुई। इनके अलावा वायुसेना तथा नौसेना के एक-एक मार्चिंग दल ने भी परेड में हिस्सा लिया। सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी, बीएसएफ की पांच टुकड़ियां भी परेड में शामिल हुई। परेड में सेना का प्रतिनिधित्व एक घुड़सवार दल, 14 मशीनीकृत दल, छह पैदल टुकड़ियों तथा विमानन विंग के उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों के एक फ्लाईपास्ट द्वारा किया गया। इस मशीनीकृत दल में एक पीटी-76 टैंक, एक सेंचुरियन टैंक, दो एमबीटी अर्जुन एमके-आई टैंक, एक एपीसी टोपस बख्तरबंद वाहक, एक बीएमपी-1 पैदल सेना लड़ाकू वाहन और दो बीएमपी-2 पैदल सेना लड़ाकू वाहन दिखाई दिए। एक 75/24 पैक होवित्जर, दो धनुष होवित्जर, एक पीएमएस पुल निर्माण प्रणाली, दो सर्वत्र पुल निर्माण प्रणाली, एक एचटी -16 इलैक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, दो तरण शक्ति इलैक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, एक टाइगर कैट मिसाइल प्रणाली और दो आकाश मिसाइल प्रणाली भी मशीनीकृत दल का हिस्सा बनी।

गणतंत्र दिवस परेड में राजपथ पर बीएसएफ की महिला टुकड़ी मार्च पास्ट का अहम हिस्सा रही। इसके अलावा 'सीमा भवानी' के नाम से विख्यात महिला बाइकर की टीम ने अपने हैरतअंगेज करतबों से हर किसी को दांतों तले उंगली दबाने को विवश किया। 2015 में पहली बार सेना के तीनों अंगों की पूरी महिला टुकड़ियों ने मार्च किया था। उसी समारोह में पहली बार सीआरपीएफ के नक्सल विरोधी विशेष बल 'कोबरा' के कमांडो ने भी मार्च किया था। 2016 की परेड में फ्रांसीसी सैन्य दस्ता और 2017 में यूएई का सैन्य दस्ता भी शामिल हुआ था। 2017 की गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार ऐसा हुआ था, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रोटोकॉल तोड़कर पैदल ही राजपथ पर चले थे। उसी परेड में पहली बार पूर्ण स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान 'तेजस' ने आसमान में अपने करतब दिखाए थे। एनएसजी कमांडो का दस्ता भी पहली बार उसी परेड में शामिल हुआ था।

गणतंत्र दिवस परेड में इस वर्ष करीब 1000 ड्रोन, 75 सैन्य विमान और 12 राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों व 9 मंत्रालयों की झांकियां शामिल हुई। परेड में सशस्त्र बलों, केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों, दिल्ली पुलिस, एनसीसी, एनएसएस के 16 पैदल दस्ते, 17 मिलिट्री बैंड तथा विभिन्न राज्यों, विभागों और सैन्य बलों की 25 झांकियां दिखाई दी। परेड में झांकियों के चयन की प्रक्रिया काफी जटिल होती है। इस बार नौसेना की झांकी में देश के स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 1946 के नौसैनिक विद्रोह को दर्शाया गया। कुल मिलाकर राजपथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में परेड के दौरान राजपथ पर भारत की सैन्य ताकत के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक झलक भी दिखाई दी।

## पशुवध निंदनीय-दंडनीय कर्म

सतोगुण में किये गये पुण्यकर्मो का फल शुद्ध होता है, अतएव वे मुनिगण, जो समस्त मोह से मुक्त हैं, सुखी रहते हैं। लेकिन रजोगुण में किये गये कर्म दुख का कारण बनते है। भौतिक सुख के लिए जो भी कार्य किया जाता है, उसका विफल होना निश्चित है। उदाहरणार्थ, यदि कोई गगनचुम्बी प्रासाद बनवाना चाहता है, तो उसके पूर्व अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ता है। मालिक को धन-संग्रह के लिए कष्ट उठाना पड़ता है और प्रासाद बनाने वाले श्रमिकों को श्रम करना होता है। अतएव भगवद्गीता का कथन है कि रजोगुण के अधीन होकर जो भी कर्म किया जाता है, उसमें निश्चित रूप से महान कष्ट भोगने होते हैं। इससे यह मानसिक तृप्ति हो सकती है कि मैंने यह मकान बनवाया या इतना धन कमाया, लेकिन यह वास्तविक सुख नहीं है। जहां तक तमोगुण का सम्बन्ध है, कर्ता को कुछ ज्ञान नहीं रहता, अतएव उसके समस्त कार्य उस समय दुखदायक होते हैं और बाद में उसे पशु जीवन में जाना होता है। पशु जीवन सदैव दुखमय है, यद्यपि माया के वशीभूत होकर वे इसे समझ नहीं पाते। पशुओं का वध भी तमोगुण के कारण है। पशु-बधिक यह नहीं जानते कि भविष्य में इस पशु को ऐसा शरीर प्राप्त होगा, जिससे वह उनका वध करेगा। यही प्रकृति का नियम है। मानव समाज में यदि कोई किसी मनुष्य का वध कर दे तो उसे प्राणदंड मिलता है। यह राज्य का नियम है। अज्ञानवश लोग अनुभव नहीं करते कि संसार परमेश्वर द्वारा नियंत्रित एक पूरा राज्य है। प्रत्येक जीवित प्राणी परमेश्वर की संतान है और उन्हें एक चींटी तक का मारा जाना सह्य नहीं हैं। इसके लिए मनुष्य को दंड भोगना पड़ता है।

## सार्वजनिक पैसे से, निजी गिफ्ट नही दिया जाना चाहिए।

**एड. आराधना भार्गव**

सार्वजनिक पैसे से निजी गिफ्ट दिये जाने के दुष्परिणाम देश के लिए घातक है। चुनाव के दौरान फ्री में बिजली-पानी या अन्य सुविधाऐं देने का वादा करने वाले राजनीतिक दलों के खिलाफ देश के सबसे बड़ी अदालत ने चिंता जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एनवी रमना, जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने कहा है कि निःसदेह यह गम्भीर मसला है। इससे मतदाता और चुनाव प्रभावित होते हैं, मुफ्त योजनाओं का बजट नियमित बजट से आगे निकल रहा है जो चुनावों की निष्पक्षता को जरूर प्रभावित करता है। राजनीतिक दल उपहार बांटने बिजली-पानी फ्री देने और कई अन्य गैर वाजिब वादे करते हैं। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में बिजली की दर 50 प्रतिशत कम करने, 1 करोड युवाओं को मुफ्त टैबलेट, स्मार्ट फोन, 4.5 करोड श्रमिकों के खाते में 1-1 हजार रूपया, 1 करोड़ निराश्रित महिलाओं के खाते में 1-1 हजार, करोड़ों लोगों को मार्च माह तक फ्री राशन देने का वादा किया है। मुफ्त में महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ की फोटो वाली साड़ी बॉटने वाली खबर तो अखबार में सभी ने पढ़ी है। क्या उत्तर प्रदेश के मतदाता भारतीय जनता पार्टी से यह प्रश्न करेंगे कि मुफ्त में देने वाले उपहार का पैसा वे कहाँ से लायेंगे ? अगर आपने प्रश्न नही किया तो स्पष्ट है कि शराब और नशीली वस्तुओं की बिक्री बढ़ेगी ये चीजें सस्ती होगी परिणाम स्परूप उत्तर प्रदेश में माफिया राज चलेगा महिला हिंसा बेरोजगारी चरम पर होगी।

दुनिया से भारत को सबक सीखना होगा, अमेरिका में सरकार द्वारा निजी उपहार देने पर पाबन्दी है, अमेरिका यह मानता है कि सार्वजनिक पैसे से निजी उपहार नही दिये जाने चाहिए। अगर देश भारत के संविधान से चले तो आर्थिक गैर बराबरी समाप्त हो सकती है, आर्थिक गैर बराबरी आर्थिक हिंसा है, यह देश के नागरिकों को समझाने की आवश्यकता है। चुनाव में निजी उपहार देने के कारण आर्थिक गैर बराबरी बढ़ रही है प्राकृतिक संसाधनों की लूट चरम सीमा पर है, गरीबों की लूट और पूँजीपति को छूट चुनाव में मुफ्त वादे के ही गम्भीर परिणाम हैं। अखबारों पर नजर डालें तो अखबार आर्थिक तंगी के कारण हत्या, लूट, डकैती, धोखाधड़ी के अपराध से भरे पड़े हैं। 24 जनवरी की ही बात है मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में चाचा ने 4 साल की बच्ची की हत्या कर लाश दफना दी क्योंकि उसे फिरोती में 3 लाख रूपया प्राप्त नही हुए, आरोपी के परिवार में पत्नि वा दो बच्चे हैं लेकिन बेरोजगार होने के कारण वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। शादी एक पवित्र रिश्ता है और ऐसा कहते हैं कि यह रिश्ता जन्मों-जन्मों तक का होता है किन्तु आर्थिक गैर बराबरी के कारण यह रिश्ता कैसे तार-तार हो रहा है। मध्यप्रदेश के सागर जिले में लुटेरी दुल्हन विवाह के 24 घण्टे के भीतर ही ससुराल से मिले जेवर और नगदी लेकर फरार हो गई। बकरीयों की डकैती के बारे में आपने कभी कल्पना भी नही किया होगा लेकिन मध्यप्रदेश के सतना में गरीबों का एटीएम कही जाने वाली बकरीयों पर भी डांका डालकर लुटेरे उसे ले गये। मंदिरों की दानपेटी तथा मंदिर की सम्पत्ति लूटने के लिए मंदिर में डकैती की घटनाऐं आए दिन पढ़ने को मिलती है। बेरोजगारी चरम सीमा पर है। सरकार द्वारा सरकारी नौकरीयों के लिए वैकेन्सी नही निकाली जा रही है, बेरोजगार सड़कों पर रोजगार व नौकरी पाने के लिए उतर रहे हैं। बेरोजगारी का आलम यह है कि नौकरीयों में भ्रष्टाचार से पीढ़ित नव-जवान राष्ट्रीय सम्पत्ति को नुकसान पहुँचा कर, रेल में आग लगाकर रेल्वे की नौकरी में भ्रष्टाचार को उजागर कर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। अगर इसी तरह सरकार द्वारा सार्वजनिक पैसे से निजी उपहार की योजना चलती रही तो बहुत जल्दी हमारा देश वेनेजुएला बन जाऐगा। 1980 में तेल की कीमतें उच्च स्तर पर होने के कारण वेनेजुएला एक अमीर देश था इसके बाद यहाँ की सरकार ने खाने से लेकर पब्लिक ट्रॉस्पोर्ट तक सब मुफ्त कर दिया। 70 प्रतिशत खाने की सामग्री आयात करने लगा। धीरे धीरे आर्थिक स्थित बिगड़ने लगी। इसके बाद तेल की कीमतें गिरने से मंदी आ गई। सरकार की गलत नीतियों के कारण देश का अन्नदाता आज कर्जे में है उदाहरण के तौर पर लगभग 23 कृषि उत्पाद का समर्थन मूल्य सरकार द्वारा किया गया है किन्तु फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर ना खरीदे जाने के कारण किसान आज कर्ज में डूबा है।

# 2 फरवरी विश्व वेटलैंड्स दिवस

### सूडोकु नवताल- 5970

✶✡✡✡✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5969 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

हर साल 2 फरवरी को विश्व स्तर पर विश्व वेटलैंड्स दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों में पृथ्वी के लिए वेटलैंड्स यानि आर्द्रभूमि द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। पूरी दुनिया में 2 फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के रूप में मनाया गया। गौरतलब है कि आर्द्रभूमि दिवस का आयोजन लोगों और हमारे ग्रह के लिये आर्द्रभूमि की महत्त्वपूर्ण भूमिका के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिये किया जाता है।

### प्रमुख बिंदु

इसी दिन वर्ष 1971 में ईरान के शहर रामसर में कैस्पियन सागर के तट पर आर्द्रभूमि पर एक अभिसमय को अपनाया गया था। विश्व आर्द्रभूमि दिवस पहली बार 2 फरवरी, 1997 को रामसर सम्मलेन के 16 वर्ष पूरे होने पर मनाया गया था। वर्ष 2019 के लिये विश्व आर्द्रभूमि दिवस की थीम 'आर्द्रभूमि और जलवायु परिवर्तन' थी। आर्द्रभूमि/वेटलैंड्स पर रामसर अभिसमय/कन्वेंशन की स्थायी समिति द्वारा अगले दो वर्षों 2020 और

### भूमिका

पृथ्वी पर जीवों के विकास की एक लंबी कहानी है और इस कहानी का सार यह है कि धरती पर सिर्फ हमारा ही अधिकार नहीं है अपितु इसके विभिन्न भागों में विद्यमान करोड़ों प्रजातियों का भी इस पर उतना ही अधिकार है जितना



कि हमारा। नदियों, झीलों, समुद्रों, जंगलों और पहाड़ों में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पादपों एवं जीवों (समृद्ध जैव-विविधता) को देखकर हम रोमांचित हो उठते हैं। जब जल एवं स्थल दोनों स्थानों पर समृद्ध जैव-विविधता देखने को मिलती है तो सोचने वाली बात यह है कि जिस स्थान पर जलीय एवं स्थलीय जैव-विविधताओं का मिलन होता है वह जैव-विविधता की दृष्टि से अपने आप में कितना समृद्ध होगा? दरअसल वेटलैंड (आर्द्रभूमि) एक विशिष्ट प्रकार का पारिस्थितिकीय तंत्र है तथा जैव-विविधता का एक महत्त्वपूर्ण अंग है। जलीय एवं स्थलीय जैव-विविधताओं का मिलन स्थल होने के कारण यहाँ वन्य प्राणी प्रजातियों व वनस्पतियों की प्रचुरता पाए जाने की वज़ह से वेटलैंड समृद्ध पारिस्थितिकीय तंत्र है। आज के आधुनिक जीवन में मानव को सबसे बड़ा खतरा जलवायु परिवर्तन से है और ऐसे में यह ज़रूरी हो जाता है कि हम अपनी जैव-विविधता का सरंक्षण करें। वर्ष 2017 में आर्द्रभूमियों के सरंक्षण के लिये वेटलैंड्स (सरंक्षण एवं प्रबंधन नियम) 2017 ( ) नामक एक नया वैधानिक ढाँचा लाया गया है।

### क्या है वेटलैंड?

नमी या दलदली भूमि वाले क्षेत्र को आर्द्रभूमि या वेटलैंड कहा जाता है। दरअसल, वेटलैंड्स वैसे क्षेत्र हैं जहाँ भरपूर नमी पाई जाती है और इसके कई लाभ भी हैं। आर्द्रभूमि जल को प्रदूषण से मुक्त बनाती है। आर्द्रभूमि वह क्षेत्र है जो वर्ष भर आंशिक रूप से या पूर्णतः जल से भरा रहता है। भारत में आर्द्रभूमि ठंडे और शुष्क इलाकों से लेकर मध्य भारत के कटिबंधीय मानसूनी इलाकों और दक्षिण के नमी वाले इलाकों तक फैली हुई है। वेटलैंड्स को बायोलॉजिकल सुपर-मार्केट कहा जाता है, क्योंकि ये विस्तृत भोज्य-भोज्य-जाल का निर्माण करते हैं। फूड-वेब्स यानी भोज्य-जाल में कई खाद्य श्रृंखलाएँ शामिल होती हैं और ऐसा माना जाता है कि फूड-वेब्स पारिस्थितिक तंत्र में जीवों के खाद्य व्यवहारों का वास्तविक प्रतिनिधित्व करते हैं। एक समृद्ध फूड-वेब समृद्ध जैव-विविधता का परिचायक है और यही कारण है कि इसे बायोलॉजिकल सुपर मार्केट कहा जाता है।

### किडनीज ऑफ द लैंडस्केपः

वेटलैंड्स को 'किडनीज़ ऑफ द लैंडस्केप' यानी 'भू-दृश्य के गुर्दे' भी कहा जाता है। जिस प्रकार से हमारे शरीर में जल को शुद्ध करने का कार्य किडनी द्वारा किया जाता है।

## आम बजट में आम आदमी के लिये कोई राहत नहीं!

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव से पूर्व आने वाले केन्द्रीय बजट में आम आदमी को राहत मिलने की पूरी उम्मीद थी पर आम बजट आने के बाद इस वर्ग को निराश ही होना पड़ा। महंगाई की मार झेल रहे वेतन भोगी जिनकी आय दिन पर दिन छोटी होती जा रही है, आयकर स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम बजट से वे भी निराश ही हुये। आम बजट में इस बार उम्मीद की जा रही थी कि पेटोल डीजलके बढत्रे दाम से राहत मिलेगी जिससे आम जन को बढ़ती महंगाई से राहत मिलेगी। पर इस बजट में ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। इस बजट में निजी उद्योगों को राहत दिये जाने की बात तो की जा रही है पर नये रोजगार मिलने के आसार कही से नजर नहीं आ रहे है जिससे देश के बेरोजगार युवा पीढ़ी को भी इस बजट से निराश होना पडा। बजट से पूर्व कामकाजी महिलाओं को राहत मिलने की उम्मीद की जा रही थोपर इस वर्ग में केवल 2 लाख आंगन बाड़ी क्षेत्र में विस्तार के आलावे और कोई प्रमुख बातें सामने नहीं आई। बजट में किसानों को खुश करने के लिये कृषि मंत्रालय का दायरा बढ़ाये जाने एवं एम एस पी में 2.3 लाख करोड़ का बजट का प्रावधान किया गया जरूर पर इस नीति से किसान नाखुश नजर आ रहे है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुये किसान नेता राकेश टिकैट ने कहा कि किसानों को अपनी फसल की वाजिब कीमत मिलनी चाहिए पर बजट में ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। ऑन लाइन पढ़ाई के इस युग में बजट में छात्रों को मोबाइल एवं एक वर्ष तक नेट फ्री देने की बात उभर कर सामने आने चाहिए पर इस वर्ग में सरकार ने आम बजट में छात्रों को कोई राहत नही दी। आम बजट में देश के वृद्ध जन भी जमा राशि पर ब्याज दर बढ़ाये जाने की राहत की उम्मीद लगाये बैठे थे पर उन्हें भी किसी तरह की राहत नहीं मिली।

आम बजट की कुछ प्रमुख बातें जहां रक्षा क्षेत्र में आत्म निर्भरता के साथ 68 प्रतिशत स्वदेशी उपयोग की बात की गई है जो बेहतर सोच हो सकती है । बजट में गरीब तबके के लिये प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत 80 लाख मकान बनाये जाने की बात की गई है। इसके साथ राज्यों को 50 वर्ष तक बिना ब्याज पर कर्ज , सौर्य उर्जा पर 19500 करोड़ की राशि, कोल गैस के लिये 4 पायलेट प्रोजेक्ट, 5 जी सेवा शुरू करने,एनपीएस में टैक्स की राहत 10 प्रतिशत से 14 प्रतिशत किये जाने, पीएम ई विद्या, ई पासपोर्ट की सुविधा सहित जो भी बातें सामने आई है उससे आम जन को कितना राहत मिल पायेगा, आंकलन किया जा सकता।

# पोरसा नगरपालिका बनी भ्रष्टाचार का अखाड़ा सीएमओ पर कार्रवाई करने में प्रशासन अक्षम

## स्ट्रीट लाइट एवं अन्य सामान खरीदी में सूचना अधिकार के तहत नहीं दी जा रही जानकारी




**मुरैना।** जिले की अंबाह तहसील के अंतर्गत पोरसा ब्लॉक नगर पालिका परिषद लंबे समय से भ्रष्टाचार का अखाड़ा बनी हुई है और वहां पदस्थ सीएमओ की कारगुजारी पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी कार्य करने में अपने आप को अक्षम महसूस कर रहे हैं। सूचना अधिकार के तहत जेम एवं ऑफलाइन की गई स्ट्रीट लाइट प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य सामग्री के क्रय एवं उपयोग संबंधी जानकारी मांगने पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे यह साफ साबित होता है कि उक्त खरीदी में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है।

सूचना अधिकार के तहत रविंद्र शर्मा द्वारा नगर पालिका परिषद पोरसा से 1 जनवरी 2021 से लेकर 20 दिसंबर 2021 तक जैन के माध्यम से एवं ऑफलाइन क्रय की गई स्ट्रीट लाइट तथा प्रकाश व्यवस्था हेतु अन्य सामग्री एलईडी फिटिंग सोडियम कटिंग के प्रकार बिल वाउचर भंडार पंजी एवं उपयोग पंजी तथा क्रय की गई, सामग्री की गारंटी अवधि के अलावा स्ट्रीट चार्ट पोल से उतारी गई व पुरानी सामग्री को लेकर जानकारी मांगी गई, जो नहीं दी गई है। सूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगने वाले रविंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त सभी कार्यों की फाइलें टुकड़ों में चलाई गई थी, जो कि भंडार क्रय नियम 1961 की धारा 14(अ) व 14(ब) के अपराध की श्रेणी में आता है। क्रय की गई लाइटों को कहां-कहां उपयोग किया गया, इसका विवरण भी नगर पालिका के पास नहीं है। पुरानी लाइटों को आज तक गारंटी अवधि में कभी भी बदला नहीं गया, क्योंकि इनमें सीएमओ अमजद गनी की मिलीभगत है। उन्होंने बताया कि जो भी लाइट सामग्री क्रय की गई है जो नियमों को ताक पर रखकर की गई है, जिससे भ्रष्टाचार किया जा सके। इसकी सत्यता तभी साबित हो सकती है, जब सभी फाइलों की सत्य प्रतिलिपि सामने आए। पोरसा सीएमओ की भ्रष्ट कार्यप्रणाली एवं हठधर्मिता को लेकर रविंद्र शर्मा के अलावा रामकुमार गुप्ता अध्यक्ष भाजपा नगर मंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर सीएमओ की मनमानी रोकने एवं दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर को दिए शिकायती आवेदन में बताया कि सीएम पोरसा मुख्यालय पर नहीं रहते और मुरैना से अप-डाउन करते हैं तथा शाम के समय ऑफिस पहुंचते हैं, जिससे नगर पालिका के विकास कार्य एवं कार्यालय के कामकाज प्रभावित हो रहे और आम आदमी परेशान हो रहा है। जनप्रतिनिधियों के द्वारा निर्माण कार्य एवं वार्डों में सफाई कराने के लिए आवेदन दिए जाते हैं, जो कचरे के डिब्बे में डाल दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा निशक्त जनों पात्र हितग्राहियों के लिए तमाम योजनाएं लाभान्वित करने हेतु संचालित की गई है, लेकिन निकाय में इन योजनाओं के संचालन के लिए कर्मचारी अधिकारी पदस्थ नहीं है। सीएमओ द्वारा मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी से योजनाओं का कार्य कराते हुए संबंधित से रुपए लेकर निर्माण शाखा के दायित सोंपे गए है, जिसके कारण निकाय अंतर्गत योजनाओं से संबंधित पात्र हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल पा रहा और चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। भंडार शाखा प्रभारी द्वारा सामग्री क्रय किए जाने हेतु ऑनलाइन निविदा टेंडर प्रक्रिया अपनाते हुए छोटे-छोटे टुकड़ों में नस्तियां तैयार कर एक 1-1 लाख की फाइल अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने एवं भ्रष्टाचार करने के लिए बनाई जा रही है। यही नहीं स्वच्छता निरीक्षक शिशुपाल सिंह तोमर के स्थानांतरण होने के बाद से स्वच्छता निरीक्षक का प्रभार किसी वरिष्ठ अधिकारी जैसे उपयंत्री, आर एस आई एवं वरिष्ठ को ना देते हुए एक भृत्य को स्वच्छता प्रभारी निरीक्षक का कार्यभार दिया गया है, जिसके कारण संपूर्ण नगर में सफाई की व्यवस्था ध्वस्त हो गई है और नाले नालियां चौक पड़े हैं। जनप्रतिनिधियों के द्वारा पत्र, प्रतिलिपियों की नकल सूचना अधिकार के तहत मांगे जाने पर आवेदन लेने से इनकार कर दिया जाता है और अंततः लोगों को मजबूरन रजिस्टर्ड द्वारा आवेदन भेजने पड़ते हैं। इस प्रकार नगर पालिका परिषद में पदस्थ सीएम अमजद गनी की भ्रष्ट कार्यप्रणाली के चलते नगर का विकास अवरुद्ध हो रहा है और शासन को राजस्व एवं कोष का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शिकायतकर्ता रविन्द्र शर्मा व मंडल अध्यक्ष ने शिकायत की प्रति मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, आयुक्त नगरीय प्रशासन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर सीएमओ के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## आरोन की आशा एवं गंजबासौदा की शीला सिंहोनियां में कल सांसारिक जीवन त्याग अपनाएंगी वैराग्य पथ

**अम्बाह।** धर्म नगरी अतिशय क्षेत्र सिंहोनियां में 3 फरवरी गुरुवार को श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से श्री ज्ञेय सागर जी महाराज, ज्ञात सागर जी महाराज,आर्षमती माताजी एवं अमोधमती माताजी के पावन सानिध्य में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव एवं दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रीमती शीला जैन गंजबासौदा एवं श्रीमती आशा जैन धर्मपत्नी स्वर्गीय सुनील जैन पिपरई निवासी आरोन सांसारिक जीवन को छोड़कर दीक्षा धारण कर वैराग्य पथ पर चलने का संकल्प लेंगी। सिंहोनियां कमेटी के आशीष जैन सोनू के अनुसार दोनों भव्य आत्माओं ने मोक्ष मार्ग के पथ पर चलकर वैराग्य धारण करने का निश्चय किया है। जिनको सराकोद्वारक आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के शिष्य सप्तम पट्टाचार्य 108 श्री ज्ञेय सागर जी महाराज सिंहोनियां जिला मुरैना मध्य प्रदेश में कल 3 फरवरी 2022 को आर्यिका दीक्षा देंगे, इसके साथ ही इसी दिन भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव भी संपन्न होगा। आशीष जैन सोनू ने सामाजिक लोगों से कार्यक्रम में पधारने की अपील की है।



## एडीपीओ डॉ. रश्मि ने अनुसंधानकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



**भोपाल।** प्रशिक्षण निदेशालय पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक पीटीएस द्वारा सार्वजनिक द्यूत क्रीडा अधिनियम 1867 पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वेबीनार के माध्यम से आयोजित किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम बेवीनार का आयोजन मंगलवार को वेबेक्स मीटिंग एप्स के माध्यम से ऑनलाईन आयोजित किया गया। जिसमें व्याख्याता के रूप में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने सागर संभाग में पदस्थ पुलिस को सार्वजनिक द्यूत क्रीडा अधिनियम 1867 मध्यप्रदेश राज्य संशोधन सहित महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की।

लक्ष्मण-मेघनाथ संवाद एवं लक्ष्मण शक्ति की लीला देखकर रोमांचित हुए दर्शक



अंबाह। रछेड गांव की 106 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रामलीला में मंचन के दौरान श्री मढैया वाले हनुमान जी मंदिर पर विभीषण शरणागति, रामेश्वर स्थापना, अंगद-रावण संवाद, मेघनाथ-लक्ष्मण युद्ध, लक्ष्मण शक्ति, राम विलाप, हनुमान संजीवनी बूटी, कुम्भकरण वध का संवाद किया गया। रामलीला में रावण को उनके अनुज विभीषण द्वारा समझाया जाता है कि संधि कर लीजिए और माता जानकी को आदर सहित श्रीराम को सौंप दीजिए। ऐसा करने से आपका ही भला होगा। यह सुनकर रावण क्रोधित हो जाता है,और विभीषण को पैर की ठोकर मारकर लंका से बाहर कर देता है। विभीषण राम की शरण में आ जाते हैं। राम विभीषण से पूछते है कि इस विशाल सागर को कैसे पार किया जाए, तब विभीषण के बताए अनुसार राम सागर से रास्ते मांगने के लिए उससे विनय करते है।

तीन दिन बीत जाने के बाद भी जब विनय का कोई असर नही होता, तब राम क्रोध से सागर को सुखाने के लिए अग्नि बाण का संधान करते हैं। तब भयभीत होकर सागर प्रकट हो जाता है और राम से क्षमा याचना करता है, साथ ही राम को सेतु बनाने के लिए मार्ग बताता है। राम सेतु निर्माण कर अपनी सेना सहित सेतु पार करते हैं। अंगद को लंका में शांति दूत बनाकर भेजते हैं। रावण के अंहकार को देखकर अंगद ने रावण के दरबार में अपना पैर जमाकर चुनौती देते हुए कहा कि दरबार में यदि कोई मेरा पैर हटा देगा तो श्रीराम की सेना बिना युद्ध किए लौट जाएगी। पूरे दरबारी जोर लगाते हैं, इसके बाद भी कोई वीर अंगद का पैर तक नहीं हिला सका। अंत में स्वयं रावण उठता है, तो अंगद अपना पैर हटाकर कहते हैं कि मेरा पैर क्यों पकडते हो जाकर श्रीराम के चरण पकडो तो कल्याण होगा। रावण की ओर से सेनापति मेघनाद और लक्ष्मण में घनघोर युद्ध होता है। अंत में मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण

## गन्ना उत्पादक किसानों ने कारखाना चलाने एवं गन्ने की पैदावार के लिए भरे संकल्प पत्र

### मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री से मिलेगा किसानों का प्रतिनिधि मंडल



**कैलारस।** शक्कर कारखाने को सरकार द्वारा नीलाम किए जाने की प्रक्रिया चल रही है ऐसे में कैलारस क्षेत्र के सेकडों गन्ना उत्पादक किसानों की एक बैठक धाकड़ मैरिज होम में आयोजित हुई, जिसमें सभी किसानों ने एक राय होकर कैलारस शक्कर कारखाने की नीलामी रोककर उसे पुनः प्रारंभ करने का संकल्प पारित किया। साथ ही गन्ना पैदा करने के संकल्प पत्र भी भरे।


इस अवसर पर किसानों ने कहा कि यह कारखाना क्षेत्र विकास के साथ-साथ किसान, व्यापारियों व कर्मचारियों के लिए जीवन दायिनी है, इसे चालू किया जाए। इसके लिए किसान व्यापारियों की एक कंपनी बनाकर कारखाने को संचालित किया जाए। इस संबंध में शीघ्र ही किसान व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलेगा और इस कारखाने की नीलामी को रोककर उसे पुनः चालू कराने की मांग करेगा। इसके लिए क्षेत्र का किसान व व्यापारी, तन, मन व धन से सहयोग करेगा। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में पूर्व में 26 जनवरी को कैलारस कान्हा गार्डन में कारखाने को चलाए जाने के लिए किसान व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें व्यापारियों ने 10 करोड़ रुपए कारखाने को चलाए जाने के लिए देने के लिए संकल्प पत्र भरे थे।

## एसडीएम राजीव समाधिया जन समस्या निवारण के लिए की अनोखी पहल

### -वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हो रही जनसुनवाई



**अम्बाह।** एसडीएम राजीव समाधिया ने साप्ताहिक जन सुनवाई के लिए एक अनोखा तरीका निकाला है। उनके कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फरियादियों की फरियाद सुनी जा रही है। एक तरफ जहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई करने से अधिकारी और फरियादी दोनों का कोरोना संक्रमण से बचाव रहता है, साथ ही फरियादी को भी लगता है कि उसने अपनी बात अधिकारी से सीधे कह दी है। इस योजना को खास तौर पर दूरदराज के ग्रामीण अंचल में रहने वाले उन लोगों के लिए लागू किया गया है। एसडीएम राजीव समाधिया ने जन सुनवाई के लिए बाकायदा उन्होंने अंबाह इलाके की 55 और पोरसा इलाके की 53 ग्राम पंचायतों में मुख्यालय पर पंचायत सचिव एवं पटवारियों का बैठाना सुनिश्चित किया है। यहां पर पहुंचने वाले आवेदक की अगर समस्या गंभीर हैं तो उसे देखते हुये तुरंत ही वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजीव समाधिया से आवेदक से बात कराई जाती है। ज्ञात रहे कि इसके लिए एसडीएम समाधिया ने ग्राम पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक बिना किसी लापरवाही के पंचायत सचिव पंचायत मुख्यालय पर उपस्थित रहें, जिससे लोगों को ग्रामीण अंचल से तहसील मुख्यालय तक आवागमन के लिए परेशान ना होना पड़े और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण से खुद को और फरियादियों को बचाया जा सके। खास बात यह है कि ग्रामीण अंचल के लोगो की जन सुनवाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना जाता है, ताकि जनसुनवाई में आने वाले हर व्यक्ति को लगे कि उसकी बात सुनी गई हैं।




## अपराधियों में पुलिस का खौफ होना चाहिए : आशुतोष बागरी

### नवागत पुलिस अधीक्षक ने कार्यभार संभाला, पुलिस कार्य में कसावट लाने दिए निर्देश



**मुरैना।** नवागत पुलिस अधीक्षकआशुतोष बागरी ने मंगलवार को मुरैना पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया और मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि अपराधियों में पुलिस का खौफ बना रहना चाहिए तथा पुलिस कार्य में कसावट लाई जाएगी, जिससे कोई भी अपराधी सिर ना उठा सके। उन्होंने कहा कि जनता के प्रति पुलिस कर्मचारियों को जवाब देह बनाना प्राथमिकता होगी और आमजन को समय पर न्याय मिले ऐसी व्यवस्था की जाएगी।

श्री बागरी ने पदभार ग्रहण के बाद मीडिया से कहा कि पीड़ित आमजन कि समय पर सुनवाई हो, स्टाफ समय से अपनी सीट पर बैठे और पीड़ति को जल्द से जल्द न्याय मिले इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा एवं पुलिस कर्मचारियों के कल्याण के लिए भी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि जो भी गुंडे बदमाश हैं, उनमें पुलिस और कानून का खौफ होना चाहिए, अपराधियों में पुलिस का खौफ बना रहे, इसके लिए मुस्तैदी से कार्य पुलिस को करना है। उन्होंने कहा कि जनता के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और पुलिस कर्मचारियों को अपना 100 प्रतिशत करना होगा। उन्होंने अपनी पुलिस टीम से कहा है कि वह अपना कार्य ईमानदारी से कर कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें। अवैध शराब के निर्माण एवं परिवहन में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ऐसे प्रकरणों में कोई भी किसी भी स्तर का व्यक्ति शामिल हो, उस पर कार्यवाही की जाएगी। जमीनी विवादों को लेकर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इसके लिए वह एक डाटा कलेक्शन जिले भर से कलेक्ट कराएंगे और यह देखेंगे कि कहां किस क्षेत्र में जमीन विवाद के प्रकरण हैं तथा जमीन विवाद के चलते कहां पर कितने अपराध हुए हैं, उनकी समीक्षा कर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर संबंधित स्थान पर समझाईश के लिए कैंप लगाएंगे, जिससे जमीन विवाद में हत्या जैसी घटनाओं को रोका जा सके। समझाईश के बाद भी अगर मामला शांत नहीं होता है तो फिर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# नीतू फैंसी ज्वैलर्स एवम् जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा किया गया देश भक्ति गीत पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**शिवपुरी**–नीतू फैंसी ज्वैलर्स एवं जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा आयोजित देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आज 30/01/2022 को सनराइज होटल में श्री भरत अग्रवाल जी प्रदेश महामंत्री प्रभारी शिवपुरी संभाग वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के मुख्य आतिथ्य, मिसेज इंडिया बॉडी ब्यूटीफुल 2021 मिसेज रिंकी वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य ,श्रीमती शोभा पुरोहित किशोर न्यायालय बोर्ड मेंबर ( गेस्ट ऑफ़ ऑनर) शिवपुरी बीआरसीसी श्री अंगद सिंह तोमर मुख्य सहयोगी जेसीआई प्रेसिडेंट जेसी आशु अग्रवाल ,आई पी पी जेसी स्मिता सिंघल के सानिध्य, जेसी नेहा शर्मा मैजिक एंजिल ब्यूटी पार्लर एवं मोहित बडाया कलश डेकोरेशन की स्पॉन्सरशिप में सम्पन्न हुआ। जिसमें सिंगर नीतेश शर्मा जी , एस एम ए डायरेक्टर जेसी प्रियंका शिवहरे एवं शिक्षिका एवं जेसी मेंबर नीता श्रीवास्तव ने जज की भूमिका निभाई जिसमें गीत खंडेलवाल ने प्रथम, श्रेया पाण्डेय ने द्वितीय एवं चार्बी खंडेलवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष स्थान स्वाति माहेश्वरी ने प्राप्त किया।मानवी सिंह, श्रृष्टि सक्सेना , नीति सिंघल, रिधिम जैन, दिव्यांशी जैन एवं मानवी गुप्ता को



सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। वंश श्रीवास्तव, अपूर्वा जैन, परी हिंडोलिया , सृष्टि जैन,कोसमी जैन, आर्यन मानव चौकसे, शौर्य अग्रवाल , मान्या भार्गव, शांभी चौकसे, शैलवी गुप्ता, देवल गुप्ता, तनु शिवहरे एवं अर्णव जैन ने सहभागिता पुरस्कार प्राप्त किया। इसी के साथ बच्चों को उत्साह वर्धन करने राज एक्सप्रेस से श्री अभय कुचेटा जी एवं श्री मुकेश चौधरी जी, पुष्पांजलि टुडे से राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी श्री रामस्वरूप रजक जी एवं अनिल कुशवाहा जी, प्रेस रिपोर्टर श्री मोनू नामदेव जी उपस्थित रहें । सारे कार्यक्रम की फोटो ग्राफी करने श्री भूपेंद्र नामदेव जी उपस्थित रहे। सभी पत्रकार बन्धुओं को अपना कीमती समय देने हेतु धन्यवाद के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी बच्चों के मातापिता की भूमिका भी सराहनीय रही एवं जेसिआई स्वर्णा सेक्रेटरी रश्मि गोयल , ब्लड कॉल डोनर जेसी अंजना अग्रवाल, राष्ट्रीय कवियत्री जेसी कमलेश सक्सेना , जेसी निशा गोयल, जेसी रानी गोयल, जेसी रुचि अग्रवाल , जेसी दुर्गेश गुप्ता ने भी अपनी सारगर्भित उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन जेसी रिजवाना खान के द्वारा किया गया जबकि आभार जेसी रश्मि गोयल ने व्यक्त किया। शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजली प्रदान करने हेतु सभी ने दो मिनट का मौन रखा। एवम् जेजे विंग चेयर पर्सन आर्यन जैन का विशेष योगदान रहा।

# हत्या के आरोपियों को 24 घंटे के अंदर बुड़ेरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अजय खंगार जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ**




**टीकमगढ़।** थाना बुडेरा ग्राम लार में 30 जनवरी को रात 10 बजे नंदकिशोर उर्फ रिक्की तनय हरीराम अहिरवार उम्र 25 साल नि 0 लार की पैसों के लेन-देने को लेकर गांव के ही 10 लोगों द्वारा मिलकर नंदकिशोर अहिरवार की लाठी, डण्डों और कुल्हाड़ी से गंभीर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गई थी। घटित घटना पर 31 जनवरी को मर्ग कायम कर हत्या का मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्यवाही कर हत्या का खुलासा कर 24 घंटे में किया जाकर उक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ एवं अति 0 पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी थाना प्रभारी बुडेरा शैलेन्द्र सक्सेना के द्वारा साईबर सेल प्रभारी की मदद से थाना पर टीम गठित कर आरोपीगणों को उनके ठिकानों से 24 घंटे में गिरफ्तार कर 1 फरवरी को न्यायालय टीकमगढ भेजा गया है। फरियादिया श्रीमति कमलीबाई पत्नी हरीराम अहिरवार उम्र 55 साल नि 0 ग्राम लार द्वारा 30 जनवरी को रात करीब 10 बजे इसके लडके नंदकिशोर उर्फ रिक्की तनय हरीराम अहिरवार उम्र 25 साल नि 0 लार की लाठी, डण्डों और कुल्हाड़ी से गंभीर मारपीट कर उसकी हत्या गांव के 1 कैलाश विश्वकर्मा 2 कौशल्या विश्वकर्मा 3 पुश्पा विश्वकर्मा 4 किरण विश्वकर्मा 5 मीरा विश्वकर्मा 6 अंकुर उर्फ अंकित उर्फ नन्ना विश्वकर्मा 7 गुलशन विश्वकर्मा 8 शांतिबाई विश्वकर्मा 9 जगदीश विश्वकर्मा 10 अन्य नि 0 लार के द्वारा मिलकर हत्या कर दी गई रिपोर्ट पर मर्ग क 04 / 22 धारा 174 जा 0 फौ 0 एवं अप 0 क 0 14/22 धारा 302, 323, 294, 147, 148, 149 ताहि 0 3 ( 1 ) द , ध 3 ( 2 ) 5.3 ( 2 ) 5 - ए का अपराध कायम किया गया। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी के निर्देशन में , उनि 0 शैलेन्द्र सक्सेना थाना प्रभारी थाना बुडेरा द्वारा गठित टीम द्वारा आरोपियों की गिर श्र में सउनि 0 राजेन्द्र सिंह , प्रआर 0 मो 0 फारूख , प्रआर 0 संजीव यादव एसडीओपी कार्यालय , प्रआर 0 रहमान खांन सायवर सेल टीकमगढ , प्रआर 0 25 अनिल रिछारिया , प्रआर 0 361 महेश कुमार प्रआर 0 86 देवेन्द्र सिंह आर 0 ज्ञान सिंह , आर 0 शीतल सेन आर 0 अंकित द्विवेदी , आर 0 अजीत बुंदेला , आर 0 ज्योति यादव थाना बुडेरा शामिल रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टरेट में दिया ज्ञापन



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - खबर शिवपुरी से हैं जहां आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टरेट में ज्ञापन दिया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मध्य भारत प्रांत के यह 54 में प्रांत अधिवेशन का यह सुविचारित मत है कि समस्याओं को समाधान की ओर ले जाने के दृष्टिकोण को विकसित करते हुए शिक्षा क्षेत्र में भी नई संभावनाओं पर कार्य करने की आवश्यकता है। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत का 54 वाँ प्रांत अधिवेशन अपनी मांग के लिए उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया है।

## किसान मजदूर एकता संगठन ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन।



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - खबर शिवपुरी से है जहां आज किसान मजदूर एकता संगठन ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है जिसमे भारत सरकार द्वारा जो कृषि कानूनी वापस लेने एवं एम.एस.पी. की गारन्टी ली गई है एवं जो आन्दोलन में किसान जो शहीद हुये है उनके परिवारों को आर्थिक सहायता राशि देने का आश्वासन भारत सरकार द्वारा दिया गया था जिसमें आज तक ना तो कृषि कानूनी वापस लिये है और एम.एस.पी. की गारन्टी नहीं दी गई है इसके अलावा जो किसान आन्दोलन में शहीद हुये है उनके परिवार के सदस्यों को आज दिनांक तक आर्थिक सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है। कृषि कानूनी वापस लेने एवं एम.एस.पी. की गारन्टी ली गई है एवं जो आन्दोलन में किसान जो शहीद हुये है उनके परिवारों को आर्थिक सहायता राशि नहीं दी गई है इस संबंध में आज किसान मजदूर एकता संगठन ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है।

# पुलिस अधीक्षक आसुतौष बागरी ने संभाला मुरैना जिले का पदभार...

**केशव पंडित जी चम्बल ब्यूरौ...**





**मुरैना**...मुरैना जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक श्री आसुतौष बागरी जी ने पहले भगबान की स्तुती की व भारत माता की पूजा याचना करते हुऐ मंगलबार को दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुच कर अपना पदभार संभाल लिया है और उन्हौने कहा है लाइन ऑडर्र जैसी स्थिति को कायम रखने के लिये जनता के बीच संबाद के जरिये से अपराधो पर अंकुश रखेगे भा.पु.से. के युवा अधिकारी आसुतौष बागरी 2015 बैच के अधिकारी है और पन्ना जिले के रहने बाले है बे काफी, सहज, सरल, गम्भीर, और लोकप्रिय, अफसर माने जाते है उनकी पुलिसिग की हमेशा सराहना की जाती है वह इन्दोर जिले में एसपी रहै है उनकी पुलिसिग की ब्यबस्था को देखते हुऐ उन्है काफी पुरूस्कारो से नबाजा भी गया है इन्दौर एसपी से पहले वे जाबरा मे वटालियन कमान्डेट के रूप में भी अपनी छाप छोडी है इससे पहले चम्बल में एएसपी के रूप में चम्बल में अब्बल राम लक्ष्मण की जोडी कहै जाने बाले आईपीएस असित आसुतौष ने मुरैना की कमान संभाली थी और पुलिस अधीक्षक डा.असित यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आसुतौस बागरी ने मुरैना की कमान संभालते हुऐ ताबड तोड कारबाहियो से मुरैना में अमन चैन शान्ति ब्यबस्था करने में सफलता हासिल कर सफल आईपीएस कहै जाने बाले आसुतौष बागरी को मुरैना पुलिस अधीक्षक के रूप मे द्वावारा भेजा है वे मुरैना की जनता व अपराधियो को भलीभॉति से जानते है वे पहले न्याय प्रिय रहै है इस लिये उन्है जिले की बिगडती ब्यबस्था को संभालने को उन्है द्वावारा भेजा है आसुतौष बागरी को महकमे के लोग भी काफी पंसन्द करते है वे जहा भी रहै है अपराधो में गिराबट और अपराधियो में उनका खौफ बरकरार रहा है श्री आसुतौष बागरी जी ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त कार्यालीन स्टॉप से परिचय प्राप्त किया और जनता के बीच आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्या सुनकर सम्बधितो अधिकारियो को भेजकर जल्द निराकरण करने हेतु कहा है और बाद में उन्हैाने पेन्डिग फाइलो को भी दैखा...

# वाहन दुर्घटना में घायल गायों को पहुंचाया गौ रक्षकों ने गौशाला



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**अमायन**–कस्बे में मैन रोड पर हंसराज होटल के पास एक अज्ञात अनियंत्रित वाहन ने एक साथ तीन गायों को कुचल दिया।जिसमे एक गाय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी प्रदीप सिंह चौहान ने मोबाइल द्वारा गौरक्षा संगठन के नगर अध्यक्ष गुलाब सिंह कस्तवार को दी।जानकारी मिलने पर गुलाब सिंह संतकुमार ओझा आदि गौ रक्षा संगठन के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे डॉक्टर को बुलाकर घायल गायों का प्राथमिक उपचार करवाया घटना की जानकारी से थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह यादव को अवगत कराया।थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा गौ रक्षकों के सहयोग से घायल गायों को ग्राम गहेली में स्थित माधव गौशाला में पहुंचाया गया मृत गाय को जेसीबी द्वारा गड्ढा खोदकर जमीन में दफनाया गया।गायों को टक्कर मारकर घायल करने वाले अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है।।

# विकाश विस्तार अधिकारी के सेवानिवृति होने पर जनपद स्टाफ ने दी भावभीनी बिदाई

**अजय खंगार जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़**

**पलेरा**- जनपद पंचायत पलेरा मे पदस्थ रहे विकाश विस्तार अधिकारी श्री रविन्द्र सिंह ठाकुर को सेवानिवृति पर जनपद पलेरा के समस्त स्टाफ द्वारा विदाई दी गई इनकी नियुक्ति 11-11-1983 मे हुई थी। इनका जन्म ग्राम छठी बम्हौरी चंद्ला जिला छतरपुर मध्यप्रदेश मे हुआ था इन्होने अपने सेवा कार्यकाल मे तीन जगह सेवा दी है। इन्होने 18 वर्ष जनपद पंचायत बारीगढ़ मे,12 वर्ष जनपद पंचायत विजावर मे,और 8 वर्षो से लगातार जनपद पंचायत पलेरा मे दे रहे थे। इन्होने 38 वर्षो तक लोगो को अपनी सेवाये दी है। आज सोमवार को अपनी सेवा पूर्ण कर चुके है। जिसको लेकर पलेरा जनपद के समस्त स्टाफ के द्वारा सम्मान पूर्वक साल श्री फल भेट कर फूल माला पहनाकर इनको विदाई दी गई। आपको बता दे की रविन्द्र सिंह बहुत ही सरल स्वभाव के धनी है इनका कार्यकाल बहुत



ही सराहनीय रहा है। बहुत ही निडरता और ईमानदारी से इन्होने अपनी सेवाये लोगो को दी है। गरीबो को प्रत्येक योजना का लाभ दिया है इनके द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ जितनी भी जांचे की गई वे इन्होने बड़ी ही निडरता और ईमानदारी से की है व कार्यवाही हेतु प्रेषित की है। स्टाफ मे सभी के दिलो मे इन्होने एक अलग छाप छोड़ी है। कार्यक्रम के दौरान स्टाफ के लोगो को कविता के माध्यम से इन्होंने एक सन्देश दिया है की इंसान को हमेशा ईमानदारी से कार्य करना चाहिए इंसान खाली हाथ आया था खाली हाथ जायेगा हमारा प्यार और व्यवहार सबके बीच रह जायेगा। इसलिये सभी ईमानदारी निडरता निष्पक्षता से कार्य करे। इस मौके पर,द्व आकांक्षा तिवारी,पीसीओ करन्जू अहिरवार,ए एस परिहार,के एल लोधी,सुखदीन अहिरवार एडीईओ,मनोज जैन,ज्योति दीवान,परवीन निशा,राजकुमार खरे,रमोले अहिरवार ,एवं रोजगार सहायक व सचिव मौजूद रहे।

# आज दतिया में भाजपा युवा नेता डॉ सुकण मिश्रा ने भाजपा पदाधिकारियों का मिठाई खिलाकर किया सम्मान

## डोर टू डोर जनसंपर्क कर भाजपा पार्टी को मजबूत करें -डा सुकण मिश्रा

**संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट**



सोमवार को भाजपा युवा नेता डॉ सुकण मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी दतिया और किसान मोर्चा के द्वारा घोषित किए गए भाजपा जिला मंत्री सनत पुजारी किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मंगल सिंह यादव भाजपा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष विनोद यादव किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह बुंदेला का माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी और सम्मान किया सम्मान के समय पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों को संबोधित करते हैं भाजपा नेता डॉ सुकण मिश्रा ने कहा भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व नव युवाओं को पार्टी में बड़े-बड़े दायित्व दे रही है आप सभी भाजपा पार्टी को मजबूत करें और नगर एवं ग्रामों में पहुंचकर डोर टू डोर संपर्क कर भाजपा पार्टी को मजबूत करें इस मौके पर जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी पंकज गुप्ता प्रवीण पाठक रेशु दांगी बृजेश यादव धीरू दांगी जोली शुक्ला टेलू यादव पुनीत टिलवानी जितेद्रा मेवाफरौस रिंकू दुवे अक्कू दुबे मान सिंह कुशवाह गौरव दांगी अंकित शर्मा मानवेंद्र तोमर रिंकू बुंदेला राहुल पुरोहित संघर्ष यादव प्रशांत दांगी कप्तान कुशवाहा नीतू यादव कुलदीप यादव ऋषभ यादव लला रजक लव गुर्जर गोलू दुवे शादाब खान राहुल साहू आदि मौजूद रहे

# आज दतिया में विस्तारक अतुल भूरे चौधरी का लगातार बूथ विस्तार के लिए जनसंपर्क जारी

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**



मंगलवार को भारतीय जनता मध्य प्रदेश के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी मंडल दतिया ग्रामीण विस्तारक अतुल भूरे चौधरी मंडल अध्यक्ष रघुवीर कुशवाह के द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में चल रही बूथ विस्तारक योजना के अंतर्गत आज नगर केंद्र 1 वार्ड क्रमांक 3 बूथ क्र.125.126 और वार्ड क्रमांक 1 के बूथ क्रमांक 128 वार्ड क्रमांक 34 के बूथ क्रमांक 76.77.79 और खेरी के ग्राम मकोनी में बूथ क्रमांक 64 मतदान केंद्रों के (बूथ) पहुंचकर बूथ समिति बनाई और बूथ समिति के पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्रामों और दतिया नगर की वार्डों मैं लगाता डोर टू डोर जनसंपर्क कर पोलिंग बूथ समिति बनाई जा रही है जो कि आने वाले समय में भाजपा पार्टी से नए कार्यकर्ताओं को जोड़ेंगी बूथ मजबूत होगा तो भाजपा मजबूत होगी यह बात भाजपा मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाह ने कई इस दौरान जिला महामंत्री विपिन गोस्वामी मंडल महामंत्री हरकिशन प्रजापति किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मंगल सिंह यादव मंडल उपाध्यक्ष विनोद यादव मंडल उपाध्यक्ष चतुर पाल मंडल मंत्री कुलदीप यादव एप प्रभारी रवि गौतम ऐप प्रभारी धर्मेंद्र प्रजापति पार्षद मानसिंह कुशवाह पार्षद रविंद्र बाल्मिक कप्तान कुशवाह अजय कुशवाह कपिल अहिरबार रामेश्वर अहिरबार दशरथ कुशवाह मलखान कुशवाह प्रभु दयाल कुशवाह भोलाराम कुशवाह मनोज कुशवाह राजकुमार कुशवाह दीन दयाल कुशवाह रामकिशन कुशवाह आदि सभी प्रमुख कार्यकर्ता बंधु एवं ग्रामिण जन रहे उपस्थित थे।

# युवा मोर्चा बीजेपी की जिला एवम मंडल कार्यकारणी के गठन का रास्ता हुआ साफ,जिला अध्यक्ष भास्कर पांडे ने दिए स्पष्ट संकेत



**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

भारतीय जनता युवा मोर्चा पन्ना के जिला अध्यक्ष की घोषणा के साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं में जिला एवं मंडल स्तर के संगठन की कार्यकारिणी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर काफी दिनों से सुगबुगाहट का दौर चल रहा था। जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भास्कर पांडे की सक्रियता एवं क्षेत्र में लगातार भ्रमण को देखते हुए कार्यकारिणी के गठन से संबंधित समीकरण को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे । अपने देवेंद्र नगर के अल्प प्रवास के दौरान उमेश पाठक युवा मोर्चा मंडल महामंत्री देवेंद्र नगर के निज निवास में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भास्कर पांडे ने कार्यकारिणी गठन के संबंध में स्पष्ट रूप अपनी मंशा जाहिर करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी रीति नीति एवं कार्यों को तवज्जो देने वाली पार्टी है जो कार्यकर्ता लगातार लंबे समय से पार्टी के प्रति ईमानदार रहकर कार्य कर रहा है उसे निश्चित तौर पर कार्यकारिणी में स्थान देकर सम्मानित करने का प्रयास किया जाएगा आने वाले दिनों में शीघ्र ही वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन अनुसार जिला एवं मंडल स्तर की कार्यकारिणी की घोषणा निश्चित तौर पर कर दी जाएंगी।

## पुरानी रजिंश को लेकर किया युवक पर चलाई थी गोली, मिसफायर होने से बच गया

**भोपाल।** नये शहर के एक थाना इलाके मे पुरानी रजिश को लेकर दो बाईक सवार युवको द्वारा अन्य युवक पर फायर किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। गनीमत रही कि बदमाशो द्वारा चलाई गई गोली फरियादी को लगी नहीं, जिससे वो बाल बाल बच गया। आरोपी युवक फरियादी के पूर्व परिचित है, घटना शनिवार दोपहर करीब चार बजे की है, जिसमे पुलिस ने जॉच के बाद बीते दिन आरेपी शशांक ओर धर्मवीर के खिलाफ धारा, 336, 34 के तहत मामला कायम कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। घटना पिपलानी इलाके की है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय रजनीश कुमार मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। जो बीई की पढ़ाई करने के लिए भोपाल आया ओर पढ़ाई पूरी करके बाद भी फिलहाल पिपलानी इलाके मे ही रह रहा है। उसने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन करीब करीब चार बजे वो बाइक से सोनागिरी से जा रहा था, उसी दौरान तभी अहसास हुआ कि पास से गुजरे बाइक पर सवार दो युवको ने उसपर कट्टे से फायर किया है। संदेह होने पर जब उसने बाईक को रोकते हुए पीछे पलटकर देखा तो उसे शशांक और रमवीर फायर करने के बाद भागते हुए नजर आये। पुलिस ने बताया कि आरोपी भी बिहार के रहने वाले है, और फरियादी युवक के पहले से परिचित हैं, लेकिन किसी बात को लेकर उनके बीच अनबन चल रही है। इसी रंजिश को आरोपियो ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने शिकायत की जॉच के बाद प्रकरण दर्ज कर लिया है। जॉच टीम का कहना है कि आरोपियों कि गिरफ्तारी के बाद ही गोली चलाने के सही कारणो का खुलासा हो सकेगा।

# बूथ विस्तारक योजना के तहत केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 5 फरवरी को खेरिया तोर बूथ पर आएंगे

## भाजपा ने बूथ केंद्र पर उनके आगमन को लेकर तैयारियां प्रारंभ की



**उमाकान्त शर्मा**
**रिपोर्टर चम्बल संभाग**

**भिण्ड 7** भारतीय जनता पार्टी के बड वृक्ष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष पर प्रदेश में चलाए जा रहे बूथ विस्तारक योजना के तहत भारत सरकार की केंद्रीय उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रवास के भिंड जिले के विधानसभा क्षेत्र मेहगांव 5 फरवरी को आएंगे 7 उनके आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है । भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पार्टी जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया बूथ विस्तारक योजना के तहत मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत के बूथ खेरिया तोर में स्थानीय समितियों पन्ना प्रमुख तथा निर्धारित संगठनात्मक कार्यक्रम के तहतपार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे । भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने बताया की केंद्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया के भव्य स्वागत एवं पार्टी की योजना को लेकर कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है, श्रीमंत सिंधिया 5 फरवरी को दोपहर 2॰00 बजे ग्राम पंचायत खेरिया तोर में पहुंचेंगे द्य



## भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं की बैठक सम्पन

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**मौ।** कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष संगठन पर्व पर जयबर्धन शर्मा एंव गुरुदेव नरवरिया जी ने मौं मंडल की समीक्षा बैठक। इस बैठक में उपस्थित गोहद बिधान सभा आईटी सेल प्रभारी सुरेन्द गोड़ एंव मंण्डल बिस्तारक मोहन सिंह कुशबाह स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने आभार प्रकट महामंत्री राजू मिश्रा एंव सभी अतिथिंयों का स्वागत मंण्डल महामंत्री सुल्तान मौर्य व मंच संचालन मंण्डल उपाध्यक्ष रामख्तयार गुर्जर ने किया भाजपा जिला प्रभारी जय बर्धन शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता को बूथ केंद्रों पर जोड़ना है और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाना है भाजपा जिला पर मजबूत है मंडलों पर मजबूत है पर बूथ केंद्रों पर मजबूत नहीं हो पाती है इसीलिए हर कार्यकर्ता को हर जाति हर धर्म के लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ना है और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करना है।

**इस बैठक में उपस्थित**=गोपाल सिह कुशबाह सज्जन सिंह यादव फरेन्द सिंह सिकरवार हरनारायण कुशबाह मर्जाद सिंह यादव मैहबूब खां रामजीलाल शर्मा रघुबीर पवैया रघुराज जितरबई बलबीर गुर्जर रामू कुशबाह सोमबीर सिबहरे रामकेश गुर्जर बबली यादव मुन्ना गुर्जर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# दलित छात्रा के साथ बलात्कार का प्रयास, गुंडों ने की मारपीट




**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

**पलेरा!** जिला मुख्यालय से करीव 60 किलोमीटर दूर ग्राम कछोरा थाना पलेरा निवासी रानी हवा वाह कक्षा दसवीं की छात्रा है वही उसकी मां ने हमारे में प्रेस मीडिया को बताया गया है कि विगत दिनों रात्रि 11॰00 बजे के लगभग हो गए जहां गांव का प्रमुख गुंडा सीपू उर्फ सत्येंद्र खरे अपने साथी भटा आदिवासी और राकेश आदिवासी उसके घर में जबरन घुसकर उसके साथ पकड़ कर दुराचार करने का प्रयास किया गया जब वह राजी नहीं हुई तो उसके साथ छीना चपटी की गई और उसे अश्लील गंदी गंदी गालियां भी दी गई उस समय उसकी मां खेतों की रखवाली करने गई हुई थी वही उसका बड़ा भाई और पिता दिल्ली मजदूर करने गए हुए हैं आप पूरा तांडव मेरी छोटी बहन देख रही थी सुबह मैंने इस घटना की जानकारी मां और भाई को बताई तब वह कहें पलेरा थाने रिपोर्ट लिखाने गए तो पलेरा थाना प्रभारी ने उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गांव का सरपंच खड़ी लोधी नाम का व्यक्ति आरोपियों को आरक्षण देकर 200000 रुपए में सौदा करने की बात रखी की रिपोर्ट मत डालो ?200000 ले ले मगर बिगड़ता अपनी पुत्री को लेकर टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर सभी आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की गई पीड़िता वर्ड पीड़िता की मां का आरोप है कि वह गांव के गुंडे उसके भाई को झूठा फंसा सकते हैं वहीं उन्हें ऐसे असामाजिक तत्व से जान का खतरा बना हुआ है जिससे परिवार भय और दहशत मे है



## राष्ट्रीय हिन्दू एकता संगठन भारत मे युवा प्रदेश अध्यक्ष बने राजावत

**दैनिक पुष्पनजली टुडे न्यूज़**
**संतोष सिंह भदौरिया**

ग्वालियर/राष्ट्रीय हिन्दू एकता संगठन भारत के श्री आशुप्रताप सिंह राजावत जी मध्य प्रदेश के युवा प्रदेश महामंत्री थे इनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पदौन्नति किया गया है। आज राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग हुई जिसमें उपस्थित राष्ट्रीय संरक्षक श्री अशोक सिंह भदोरिया जी, संगठन संस्थापक श्री धर्मेंद्र सिंह राजावत जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अरुण सिंह चौहान जी, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती अल्पना तोमर जी, राष्ट्रीय संयोजक श्री सोबरन सिंह तोमर जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पप्पू सिंह परिहार जी, श्री वेदप्रकाश सिंह राजावत जी,श्री योगेंद्र सिंह कुशवाहा जी,वा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी श्री दिनेश गिरी जी आदि पदाधिकारियों के द्वारा आशुप्रताप सिंह राजावत जी प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा मध्यप्रदेश संगठन में उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उनको प्रदेश अध्यक्ष का उत्तर दायित्व सौंपने का निर्णय लिया गया । श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखण्ड भारत के प्रदेश मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया व उनकी टीम में बधाई दी।

# समाचारबडौदी सड़क में एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क का हुआ उद्घाटन

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** खबर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विरोधी सड़क से है जहां सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शिवपुरी के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित शिवपुरी कार्यालय बड़ौदा सड़क में एमपी ऑनलाइन किओस्क की शुरुआत की गई है जिसका उद्घाटन कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रशासक श्री अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने किया। कार्यक्रम के दौरान बांसखेड़ी निवासी कृषक श्री प्रेम सिंह व रंजीत सिंह को खसरा व खतौनी की नक़ल कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा प्रदाय की गयी। कार्यक्रम में उपायुक्त सहकारिता के प्रतिनिधि श्री सुधीर सिंह कुशवाह, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.एस. भदौरिया, संस्था प्रशासक श्री आर.एन.गुप्ता, संस्था प्रबंधक श्री विनोद तिवारी, आपरेटर श्री देवेन्द्र ओझा एवं जिले की अन्य समितियों के प्रशासक एवं संस्था प्रभारी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा इस कार्यक्रम में बधाई दी गयी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शिवपुरी द्वारा बताया गया कि इस तरह की 65 ऑनलाइन कियोस्क जिले भर में बैंक द्वारा जल्द ही शुरू की जाएँगी। इससे किसानों को सुविधा मिलेगी।

# पुलिस आरक्षक की सरेआम गुंडागर्दी कर पत्रकार को धमकाया पुलिस आचरण के विरुद्ध सार्वजनिक पत्रकारों को दे डाली सबक सिखाने की धमकी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**



मेहगांव पुलिस थाने के आरक्षक प्रदीप तोमर ने कल मेहगांव के पत्रकारों को सार्वजनिक तौर पर सबक सिखाने की धमकी दे डाली। इसको लेकर मेहगांव के समस्त पत्रकारों में असंतोष व्याप्त है। मेहगांव के पत्रकारों ने आरक्षक प्रदीप तोमर को उनके असभ्य आचरण के चलते निलंबित कर नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने को लेकर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आरकेएस राठौर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पत्रकारों ने बताया कि आरक्षक 1087 प्रदीप तोमर मेहगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव एवं कस्बे में जुआ, सट्टे के अवैध व्यापार को संचालित करने वालों से एवं मादक पदार्थ की विक्री करने वालों से सांठ गांठ कर अवैध वसूली करने और क्षेत्र में अवैध व्यापार को संचालित करने में भी लिप्त है।

क्षेत्र में चल रहे अवैध गोरख धंधों के बारे में यदि मीडिया के लोग आपस मे चर्चा भी करते है तो प्रदीप तोमर उन्हें धमकाने का काम करता है। बीते रोज विद्युत विभाग में किसान कांग्रेस का धरना प्रदर्शन चल रहा था तो कार्यक्रम समाप्ति के बाद पत्रकार गण आपस मे चर्चा कर रहे थे। जिसमे पुलिस के पास एक निर्दोष अपाहिज लड़की के मोबाइल जब्ती के विषय पर बातचीत चल रही थी। जिसमे उस लड़की के द्वारा पुलिस पर मोबाइल न देने की बात कही गई। तो वहीं पीछे से प्रदीप तोमर बिना गणवेश के बिना पूरी बात सुने पत्रकारों से अभद्रता पूर्ण एवं पुलिस के आचरण विरुद्ध शब्दों में धमकाते हुए बोला कि तुम पत्रकार हो पत्रकार रहो नेता क्यों बनते हो। बात यहीं खत्म नही हुई आरक्षक प्रदीप तोमर सबके सामने धमकाते हुये बोले कि तुम सबको तो हम ही सबक सिखाएंगे। आरक्षक प्रदीप तोमर का सार्वजनिक तौर पर यह व्यवहार पुलिस आचरण के विरुद्ध एवं पत्रकारों के सम्मान को भी ठेस पहुँचाता है। महोदय से निवेदन है कि उक्त आरक्षक पर नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाये एवं इन्हें पुलिस के सभ्य आचरण का पाठ सिखाया जाए।

## इनका यह कहना है!

मेरे पास सभी पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस आरक्षक के असभ्यता पूर्ण व्यवहार की शिकायत की है। मामले की तुरन्त जांच कराकर कार्यवाही करेंगे। पत्रकारों के साथ यह व्यवहार अगर हुआ है तो गलत है।

**आरकेएस राठौड़** – एसडीओपी मेहगांव

# भारतीय जनता युवा मोर्चा की देवेंद्र नगर मंडल की टीम द्वारा रक्तदान शिविर हुआ संपन्न

## दर्जनों यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा के सांसद विष्णु दत्त शर्मा मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री (खनिज संसाधन एवं श्रम) बृजेन्द्र प्रताप सिंह , भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के निर्देशन में एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया , भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भास्कर पांडे के नेतृत्व में युवा मोर्चा मंडल देवेंद्रनगर द्वारा आईटी सेल के जिला सह संयोजक ध्रुव चौबे (रक्तदान शिविर प्रभारी)के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, रक्तदान कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा. अभिषेक जैन खंड चिकित्सा अधिकारी, श्रीकांत त्रिपाठी जी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा,

ललित गुप्ता मंडल अध्यक्ष, अरविंद त्रिपाठी गजेंद्र सिंह परमार युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, उमेश पाठक युवा मोर्चा मंडल महामंत्री,सुरेंद्र प्रताप सिंह प्रियव्रत गौतम, कुलदीप परौहा, रोहित जैन, राहिल जैन, बीरेंद्र तिवारी, नीरज तिवारी, विनय शर्मा,आदित्य पाठक,राहुल जैन,सीमेन्द्र जैन, सुमित मिश्रा (बुली),भूपेंद्र जायसवाल, ब्रजेश शुक्ला, अनूप कुशवाहा, रोशन सेन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सतना की युवती से भोपाल में युवको ने की घर मे घुसकर अश्लीलता कर तान दिया था कट्टा

**भोपाल।** शहर के एक थाना इलाके मे अहमदाबाद से भोपाल रिश्तेदार के यहॉ ठहरी एक युवती के साथ एक दिन पहले सतना के रहने वाले युवक ने अपने दो साथियो के साथ घर मे घुसकर अशलीलता की, जिसका विरोध करने पर आरोपी ने उसपर कट्टा तान दिया ओर फिर तीनो आरोपी एसयूवी से फरार हो गये थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने इसकी सूचना आसपास की थाना पुलिस को भेज दी थी। सूचना पर दमोह पुलिस ने एसयूवी से भागे दो आरोपियो को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हे राजधानी पुलिस ने अपनी हिरासत मे ले लिया है। आरोपियो मे शामिल एक युवक सतना के भाजपा नेता का बेटा बताया गया है। घटना बागसेवनिया थाना इलाके की है। थाना पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय युवती ने लिखित शिकायत करते हुए बताया था कि वो मूल रूप से सतना की रहने वाली है, ओर अहमदाबाद गुजरात में एक राष्ट्रीयकृत बैंक में जॉब करती है। युवती की कुछ साल पहले से सतना मे रहने वाले यश द्विवेदी नामक युवक से दोस्ती थी। बाद में दोनों के बीच में अनबन हो गई ओर पीडीता ने उससे दूरिया बना ली। इसके बाद भी यश पीडता को लगातार परेशान करता रहता था। पीड़िता ने पुलिस को आगे बताया कि अहमदाबाद से रीवा जाने के लिए वो दो दिन पहले भोपाल आकर साकेत नगर में अपनी एक रिश्तेदार के घर ठहर गई थी। उसके भोपाल मे रहने की खबर सतना मे रहने वाले आरोपी यश द्विवेदी को लग गई। आरोप है कि यश अपने साथी छोटू उर्फ अभिषेक और विशाल तिवारी के साथ बीते दिन सुबह करीब नौ बजे साकेत नगर युवती के रिश्तेदार के घर पर पहुंच गया। यहॉ पर उन्होने युवती के साथ अश्लील हरकते की ओर उसपर शादी करने का दबाव बनाने लगे। पीडीता का विरोध करने पर आरोपियो ने उसे कट्टा दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। हंगामा बढने पर जब आसपास के लोग जमा होने लगे, ओर इसकी खबर पुलिस तक पहुची, जिसके बाद आरोपी पीड़िता को धमकी देते हुए फरार हो गये थे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दमोह देहात थाना पुलिस को सूचना दी कि भोपाल मे बागसेवनिया इलाके में युवती से छेड़खानी करने वाले आरोपी एसयूवी से फरार हुए हैं।

# जन-सुनवाई : सेवानिवृत्त वाहन चालक के स्वत्व न निकालना भारी पड़ा, दो कर्मचारी निलंबित



## कलेक्टर श्री सिंह ने जन-सुनवाई में शिकायत सामने आने पर की कार्रवाई

ग्वालियर। सेवानिवृत्त वाहन चालक के स्वत्वों के भुगतान में बाधा डालना लोक निर्माण विभाग के दो कर्मचारियों को भारी प?ा है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इन दोनों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। मंगलवार को हुई जन-सुनवाई में सेवानिवृत्त वाहन चालक श्री सुरेन्द्र सिंह परमार ने कलेक्टर से शिकायत की थी कि इन दोनों कर्मचारियों द्वारा लगातार अड़ंगा डालने की वजह से हमारे स्वत्व नहीं मिल पाए हैं।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सेवानिवृत्त वाहन चालक श्री सुरेन्द्र सिंह द्वारा की गई शिकायत को गंभीरता से लिया और लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1 में पदस्थ सहायक वर्ग-3 (स्थापना वर्कचार्ज) श्री अजय सक्सेना और सहायक वर्ग-3 (अकाउण्टेंट) श्री प्रदीप शुक्ला को अलग-अलग आदेश जारी कर निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इन दोनों कर्मचारियों का मुख्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) रहेगा और इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### जरूरतमंदों को इलाज के लिये मिली आर्थिक मदद

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जन-सुनवाई में मदद की आस में आए जरूरतमंद मरीजों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम कराया। साथ ही जरूरतमंदों को आर्थिक मदद भी दिलाई। उन्होंने नामांतरण, सीमांकन व बटवारा संबंधी प्रकरणों को त्वरित गति से निराकृत करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में इस बार लगभग 82 लोगों की समस्यायें सुनीं गई और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की गई। कलेक्टर श्री सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर श्री इच्छित ग?पाले सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने जन-सुनवाई में पहुँचे सभी फरियादियों की एक-एक कर समस्यायें सुनीं।

# सभी गार्डन एवं होटल संचालक अपने यहां से निकलने वाले गीले कचरे का अपने परिसर में ही करें निष्पादनः निगमायुक्त श्री कन्याल

ग्वालियर। अपने शहर ग्वालियर को हमें देश का सबसे स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहर बनाना है, तो सभी व्यवसाईयों, बल्क वेस्ट जेनरेटर एवं संस्थानों को पूर्ण सहयोग करना होगा। ग्वालियर निगम सीमा के अंतर्गत 108 बल्क वेस्ट जेनरेटर चिन्हित हैं वह सभी अपने यहां से निकलने वाले गीले कचरे का डिस्पोजल अपने परिसर में ही करें और उससे जैविक खाद बनाएं, ऐसे सभी संस्थानों को गार्बेज शुल्क में कुछ छूट भी प्रदान की जाएगी। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज मंगलवार को शहर के सभी मैरिज व होटल संचालकों के साथ बैठक करते हुए दिए।

बालभवन के सभागार में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की मापदंडों के अनुसार शहर के सभी बल्क वेस्ट जेनरेटर को अपने कचरे का डिस्पोजल स्वयं ही करना है। इसके लिए सभी अपने परिसर में एक जैविक खाद बनाने की पिट लगाएं तथा अपने यहां से निकलने वाले कचरे को उसमें डालें जिससे उस कचरे की खाद बनेगी जिसका उपयोग गार्डन आदि में किया जा सकता है। इसके लिए निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि सभी को यह करना अनिवार्य है। इसके लिए गार्डन या होटल संचालक अपने यहां पिट लगाकर स्वयं ही खाद बना सकते हैं और यदि चाहें तो हमारे द्वारा निर्धारित एनजीओ के सदस्यों द्वारा भी एक सामान्य शुल्क पर आपके संस्थान में आकर यह कार्य किया जा सकता है।

सभी बल्क वेस्ट जेनरेटर गार्डन व होटल संचालकों को निर्देश दिए गए कि शीघ्र ही अपने यहां पिट लगवाकर इसका कार्य प्रारंभ कराएं क्योंकि कुछ ही दिनों में सर्वे प्रारंभ होने वाला है और इसके कारण ग्वालियर के नम्बर कटने नहीं चाहिए। इसके लिए पिट बनाने वाले को भी बुलाया गया था जिनसे सभी कांटेक्ट कराया गया है जो कि इनसे पिट क्रय कर सकते हैं। बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री संजय मेहता एवं उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा बजट के प्रावधानों से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि आज प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में अधो-संरचना विकास के लिए 35 प्रतिशत से ज्यादा राशि बढ़ाने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा है कि बजट में खेती को तकनीक से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। श्री तोमर ने प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को विकासपरक बजट के लिये धन्यवाद दिया है। मंत्री श्री तोमर ने कहा है कि यह आम आदमी का बजट है। बजट में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की जिंदगी में खुशी लाने का प्रयास किया गया है। केन और बेतवा नदी को जोड़ने के लिए किये गये 44 हजार करोड़ रूपये के प्रावधान से बुंदेलखण्ड में विकास की बहार आयेगी।

## ग्यारह आदतन अपराधी जिला बदर

ग्वालियर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 11 आदतन अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला दण्डाधिकारी ने यह आदेश जारी किए हैं।

जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आदतन अपराधी बैजनाथ राठौर निवासी माँ वैष्णवपुरम यादव धर्मकांटे के पास, रामाधार लोधी निवासी ग्राम मऊ थाना महाराजपुरा, रामाधार पाल निवासी न्यू कॉलोनी घोसीपुरा मुरार, मनीष यादव (जाटव) हेमसिंह की परेड, निसार बेग निवासी फूटी बैरिंग सुतारपुरा मुरार, शाहरूख बेग निवासी फूटी बैरिंग सुतारपुरा मुरार, सतीश पाल निवासी घोसीपुरा मुरार, दिलीप उर्फ डिल्ली बाल्मीकि निवासी खटीक मोहल्ला संजयनगर थाना जनकगंज, आकाश उर्फ काका जाटव निवासी रॉक्सीपुल के पास एवं रघुराज सिंह गुर्जर निवासी ग्राम पारसेन के खिलाफ जिला बदर के आदेश पारित किए हैं। इन सभी आदतन अपराधियों को ग्वालियर जिला सहित निकटवर्ती भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी एवं दतिया जिले की सीमाओं से 6 माह तक की अवधि के लिये बाहर चले जाने के आदेश दिए गए हैं। इसी तरह आदतन अपराधी मन्नु गुर्जर निवासी सुजवाया थाना क्षेत्र तिघरा के खिलाफ भी जिला बदर की कार्रवाई की गई है। जिला दण्डाधिकारी ने आदेश पारित कर मन्नु गुर्जर को ग्वालियर जिला सहित निकटवर्ती भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी एवं दतिया जिले की सीमाओं से 4 माह तक की अवधि के लिये बाहर चले जाने का आदेश जारी किया गया है।

# मंत्रिता शर्मा बनी स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर, निगमायुक्त ने सौंपा प्रमाण पत्र



ग्वालियर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आमजनों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरुकता लाने तथा स्वचछता के प्रति आमजनों में अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराने के साथ ही स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने व उन्हें स्वच्छतादूत बनाने के लिए प्रेरित करने हेतु आज नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर की नन्ही प्रतिभाशाली बेटी एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान की ब्रांड एम्बेस्डर सुश्री मंत्रिता शर्मा को नगर निगम ग्वालियर का स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर बनाया है।

निगम मुख्यालय के सभागार में आज जनसुनवाई के उपरांत नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सुश्री मंत्रिता शर्मा को नगर निगम ग्वालियर की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर बनाने का प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कहा कि वह ग्वालियर शहर में साफ सफाई में सहयोग के लिए निरंतर नागरिकों को प्रेरित करती रहें और आमजनों को स्वच्छता के लिए संकल्पित कराएं। इस अवसर पर बडी संख्या में निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

# चिडियाघर होगा डस्ट फ्री एवं प्लास्टिक फ्री निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। गांधी प्राणी उद्यान, चिड़ियाघर के विकास, उन्नयन एवं उचित प्रबंधन को लेकर आज नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक में निगमायुक्त श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि चिडियाघर को डस्ट फ्री एवं प्लास्टिक फ्री बनाने की दिशा में कार्य करें और ग्वालियर का चिडियाघर सबसे अच्छा चिडियाघर बनाएं। बैठक में अपर आयुक्त श्री आर के श्रीवास्तव, सीसीओ श्री प्रेम पचौरी, इंजीनियर श्री अभिषेक प्रसाद, पार्क अधिकारी श्री मुकेश बंसल, उपायुक्त डा प्रदीप श्रीवास्तव, प्रभारी अधिकारी चिडियाघर डा उपेन्द्र यादव, श्री गौरव परिहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। चिड़ियाघर में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री कन्याल ने चिड़ियाघर का मुख्य प्रवेशद्वार का फ्रंट एलीवेशन बनाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्य प्रवेशद्वार पर पूर्व से निर्मित लकड़ी के पुल के स्थान पर नया सेल्फी पुल बनाने की कार्यवाही एवं स्वर्ण रेखा नदी पर निर्मित पुल की स्थापना तथा नवीन केजों के डाइंग- अनुमापन करने के निर्देश दिए। वहीं चिडियाघर परिसर में इंटरलॉकिंग टाईल्स एवं फुटपाथ पर लगे पत्थरों की मरम्मत करने के साथ ही टाईगर लॉयन, लेपर्ड के एन्क्लोजर की फर्शी मरम्मत, नाली निर्माण एवं वेन्टीलेशन निर्मित करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सम्पूर्ण चिडियाघर की रंगाई-पुताई कराने व चि?ियाघर की स?क हेतु डाम्बरीकरण का कार्य करने चि?ियाघर हेतु 04 नवीन विजिटर शेड (ईकोफेण्डली) लगाने नीलगाय के केज में एवं सुअर का केज निर्माण की कार्यवाही। विभिन्न पिंजरों में चौनलिंक जाली मरम्मत की कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं चिडियाघर के तीनों पार्को में इकोफेण्डली वेरियर व रेलिंग लगाने के साथ ही विभिन्न केजों में एनरिचमेंट संबंधी कार्य जैसे लकड़ी की झोपडी, झूले, नसेनी इत्यादि लगाने की कार्यवाही के निर्देश दिए।

# प्रदेश अध्यक्ष शर्मा एवं सांसद शेजवलकर ने घायल सब इंस्पेक्टर के स्वास्थ्य की ली जानकारी



## भाजपा जिलाध्यक्ष ने फोन पर प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद की कराई बात

ग्वालियर। विगत रोज कांग्रेसियों एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री का पुतला जलाने की कोशिश को विफल करने में सब इंस्पेक्टर दीपक गौतम बुरी तरह से आग में झुलस गए। झुलसे अवस्था में श्री गौतम को अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी जी ने अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा जी एवं ग्वालियर के सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर से फोन पर सब इंस्पेक्टर दीपक गौतम की बात कराई, तो प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा जी एवं सांसद विवेक श् ने बहादुर सब इंस्पेक्टर दीपक गौतम के स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

# युवा ही संतों का सर्दी गर्मी में विहार धर्मध्वजा लेकर करते हैः पारस जैन



## अध्यक्ष महेंद्र नीलम जैन, सचिव दिनेश जैन एवं कोषाध्यक्ष भूपेंद्र वर्ष जैन सहित टीम के साथ शपथ ली।

## नवीन टीम के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष ने अपना कार्यभार संभाल।

ग्वालियर-सदैव मुनिसंतो आहार विहार सेवाओ व गुरुभक्ति में समर्पित श्री दिगंबर जैन युवा जागरण मंच ग्रेटर ग्वालियर का शपथग्रहण व नववर्ष मिलन समारोह आज मंगलवार को सिकंदर कंपू स्थित मंगल वाटिका में आयोजित किया गया। जिसमे 2022 की नवीन कार्यकारिणी की टीम को विधिपूर्वक शपथ दी गई।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व सकल जैन पंचायत के अध्यक्ष पारस जैन थे। विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र जैन, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक जैन एवं जैन समाज प्रतिष्ठाचार्य अजीत शास्त्री; डॉ अनुराग सिंह सिकरवार सिम हॉस्पिटल थे। वही शपथ अधिकारी भरत वैरागी व अनंत जैन मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र आवरण एवं दीप प्रज्वलित अतिथिगणों ने सामूहिक रूप से किया। मंगलचरण स्वागत नृत्य लांतिका जैन ने किया। संस्था का परिचय व स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष महेंद्र जैन बंटी ने प्रस्तुत किया। 20 नवीन शिरोमणि व सदस्यों को शपथ अधिकारी अनंत जैन ने दिलाई। संचालन आकाश जैन व तान्या जैन एवं आभार दिनेश जैन महामंत्री ने किया। इस मौके पर निर्मल पाटनी, बालचंद जैन, राजेन्द्र जैन, नरेंद्र जैन, राजमल जैन आदि मौजूद थे।

**संस्था के नवीन इन पदाधिकारियों ने ली शपथ**

शपथ अधिकारी व परम संरक्षक भरत जैन वैराग्गी ने नवीन टीम के अध्यक्ष महेंद्र नीलम जैन बंटी, सचिव दिनेश जैन भिंड, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र वर्ष जैन, उपध्यक्ष-- नीरज जैन, पंकज जैन शम्मी, संयुक्त मंत्री--दिनेश जैन कुलैथ, प्रचार मंत्री-- सौरभ जैन सोनू, सह कोषाध्यक्ष-- सौरभ जैन, अंकेक्षक -- आकाश जैन कुलैथ, सास्कृतिक मंत्री आकाश जैन, मीडिया प्रभारी-- सचिन जैन आदर्श कलम, प्रवक्ता -- भानू जैन, कोठारी-- वारिश जैन।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478